CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 335 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल पेज 2



भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना खेल टाइम्स



हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के जुमले सम्पादकीय



पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका पेज 12

# ‘मोदी तेरी कब्र खुदेगी’ नारे को लेकर संसद में हंगामा

## नड्डा बोले- राहुल गांधी-सोनिया गांधी माफी मांगें, प्रियंका बोलीं- रैली में किसने कहा, हमें नहीं मालूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन, सोमवार को दोनों सदनों में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है।

नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है कि 140 करोड़ भारतीयों और विश्व के सबसे प्रसिद्ध नेता को इस तरह के नारों का सामना करना पड़ रहा है। पीएम के खिलाफ नारेबाजी और माफी की मांग लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। दोनों सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई थी, लेकिन शोर-शराबे के कारण 10 मिनट भी चर्चा नहीं हो पाई और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**पीएम के खिलाफ ऐसी बातें करना, उनकी मौत की कामना करना शर्मनाक है... - जेपी नड्डा**



**रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा, फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है, भाजपा को खुद नहीं पता किसने नारेबाजी की... -प्रियंका गांधी**

### मुगलों की राह पर कांग्रेस, जल्द दफन होंगे, राहुल कर रहे औरंगजेब जैसा काम: भाजपा

**नई दिल्ली।** मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारों की वजह से कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली विवादों में आ गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली में जाते समय मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस का चरित्र सामने आ गया है। वे मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं। उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई। मोदी की कब्र खोदने की बात करने वाली पार्टी खुद दफन हो जाएगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार खुद ही संसद नहीं चलाना चाहती : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव तथा लोकसभा में पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार के मंत्री ही संसद को बाधित कर रहे हैं और इससे लगता है कि सरकार ही खुद संसद नहीं चलाना चाहती है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने प्रश्नकाल बाधित किया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने सदन की कार्यवाही को बाधित करना शुरू किया, जिसके कारण हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को घने कोहरे के कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द हुई और कम से कम पांच को नजदीकी शहरों के लिए डायवर्ट किया गया है। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, 80 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सोमवार को रद्द रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम पांच आगमन उड़ानों को दूसरे शहरों में उतारा गया है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से सोशल मीडिया पर दोपहर बाद 1:03 बजे की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया गया है कि अब स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन पहले से बड़ी संख्या में उड़ान भरने का इंतजार कर रहे विमानों के कारण स्थिति सामान्य होने में और समय लग सकता है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने भी अपनी वेबसाइट पर सुबह 10:48 बजे तक उड़ानों के रद्द होने की जानकारी दी है। दिल्ली के अलावा उत्तर भारत के अन्य शहरों से भी उड़ानों के रद्द होने की जानकारी मिली है। इस मौसम में सोमवार को पहला दिन था जब दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे का असर देखा गया है।

### पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डा. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा मध्य प्रदेश में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है।

### भाजपा ने पीयूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को तमिलनाडु और असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। कामर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल को तमिलनाडु के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस की सरकार है। वहीं असम में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शनाबेन जारदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग, सुप्रीम कोर्ट नाराज

## बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-उप्र सरकार तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली ‘विशेष पूजाओं’ को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसम्बर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई।

इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की -शेष पृष्ठ दो पर

- **भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते: सीजेआई**
- **बांके बिहारी के दर्शन की टाइमिंग बढ़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**
- **मैनेजमेंट कमेटी को नोटिस**

### इंडिगो संकट: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

**कोर्ट ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो की हजारों फ्लाइट कैंसिल किए जाने के मामले में दखल देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ता से दिल्ली हाईकोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सभी मुद्दे दिल्ली हाईकोर्ट के सामने विचाराधीन हैं। वे भी संवैधानिक कोर्ट हैं। अगर आपकी शिकायत का वहां समाधान नहीं होता है, तो आपका यहां स्वागत है। इंडिगो के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि डीजीसीए ने फ्लाइट कैंसिल होने और यात्रियों को होने वाली समस्याओं की जांच के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। डीजीसीए की ओर से एविएशन नियमों में बदलाव चलते दिसम्बर के पहले हफ्ते में इंडिगो में क्रू मेंबर्स की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण एक से 10 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई थीं।

# पहलगाम में आतंकवादी हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **एनआईए ने 1597 पन्नों के आरोपपत्र में आतंकी संगठन एलईटी और टीआरएफ के नामों के साथ सबूत पेश किए**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है। सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है। बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा धर्म आधारित लक्षित हत्याओं वाले इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई थी। एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है।

# हापुड़ में 85 लाख की लूट

- **मुनीम की चलती बाइक पर बदमाशों ने मारी लात, तमंचा दिखा ले गए पिट्ठू बैग में रखे रुपये**

**पिलखुवा।** हापुड़- गाजियाबाद हाईवे पर सोमवार को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास घी तेल व्यापारी के मुनीम से तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूट लिए गए।

बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दादरी निवासी अजय पाल घी तेल व्यापारी गोपाल के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। सोमवार को वह हापुड़ के दो व्यापारियों के यहां से रुपये वसूल कर बाइक से वापस लौट रहे थे। एक व्यापारी से 55 लाख और दूसरे व्यापारी से 30 लाख रुपये लेकर वह हाईवे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही अजय पाल सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मारकर उसे गिरा दिया। इससे पहले अजय पाल संभल पाते बदमाशों ने तमंचा निकालकर डराया और रुपयों से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। हाईवे पर दिनदहाड़े हुई लूट से व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया।

### पूर्व आईएएस राज कुमार गोयल ने मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री राज कुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के रूप में ‘पद की शपथ’ दिलाई। सूचना आयोग में श्री गोयल के शामिल होने से उम्मीद है कि लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय सूचना आयोग पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। उनकी नियुक्ति को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने मंजूरी दी थी।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा की निवासी कविता चंद ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराया।

### अनिल अंबानी मामले में पूर्व यस बैंक सीईओ राणा कपूर से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़े पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले की चल रही जांच में सोमवार को यस बैंक के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय में पेश हुए। ईडी का आरोप है कि कपूर और अंबानी के बीच एक क्विड प्रो. क्वो (किसी चीज़ के बदले कुछ) समझौता हुआ था, जिससे यस बैंक को खासा वित्तीय नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार जब राणा कपूर यस बैंक के प्रमुख थे, तब 31 मार्च 2017 तक रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) में बैंक का जोखिम लगभग 6,000 करोड़ रुपये का था।

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत, 0.32% रही मुद्रास्फीति दर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **थोक मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में लगातार दूसरे महीने शून्य से नीचे**

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों और ईंधन एवं बिजली वर्ग की वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर गिरावट के कारण थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर नवम्बर में शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई।

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के बाद यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 1.21 प्रतिशत कम थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवम्बर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.60 प्रतिशत कम रही है जो अक्टूबर में शून्य से 5.04 प्रतिशत नीचे रही है। नवम्बर 2024 की तुलना में नवम्बर 2025 में प्याज की थोक कीमत 64.70 प्रतिशत, आलू की 36 प्रतिशत, सब्जियों की 20.23 प्रतिशत और दालों की 15.21 प्रतिशत कम हुई है। गेहूं, धान और फलों के दाम में भी सालाना आधार पर गिरावट रही है। खाने-पीने की चीजों की अलावा थोक में ईंधनों की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई है। कच्चा तेल के दाम 13.92 प्रतिशत कम हुए। पेट्रोल 1.75 फीसदी और डीजल 1.64 फीसदी सस्ता हुआ। रसोई गैस की कीमत में 12.78 फीसदी की गिरावट आई है। अन्य वस्तुओं की कीमतें भी या तो एक साल पहले के मुकाबले कम हुई हैं या उनकी वृद्धि दर कम रही है। इससे पहले 12 दिसम्बर को जारी खुदरा महंगाई के आंकड़ों में भी इसकी दर 0.71 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत 5 दिसम्बर को जारी मौद्रिक नीति समीक्षा बयान में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बयान जारी करते हुए कहा था कि चालू वित्त वर्ष की 31 दिसम्बर को समाप्त हो रही तीसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 0.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में चार प्रतिशत रहने की संभावना है।

# मनरेगा स्कीम की जगह लेगा विकसित भारत ‘जी राम जी’

- **मोदी सरकार नया बिल ला रही**
- **प्रियंका गांधी बोलीं: महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे**

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून मनरेगा को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम ‘विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025’ रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य ‘विकसित भारत 2047’ के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में कुंडली खंगालने में जुटी एजेंसियां

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें सरगना शुभम जायसवाल के कई ठिकानों और घर पर छापा मारकर करीबियों तथा परिजनों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुभम जायसवाल के ससुराल पहुंचकर पूछताछ की। ड्रग विभाग की टीमें भी लगातार शैली ट्रेडर्स से जुड़ी फर्मों की जांच कर रही हैं। वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, लखनऊ और गाजियाबाद समेत कई जिलों में पुलिस शुभम जायसवाल के साथ काला कारोबार करने वालों को रडार पर रखे हुए है। ईडी और एसआईटी टीम ने शुभम जायसवाल के अमर नगर में सोनिया रोड स्थित ससुराल पहुंचकर साले और परि. जनों के बैंक खातों तथा प्रॉपर्टी दस्तावेजों की जांच की। बताया जा रहा है कि शुभम ने काला धन प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में भी लगाया है। एसआईटी के अनुसार शुभम से जुड़े सभी कारोबारियों से बारी-बारी पूछताछ और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

### यूपी से गुजरने वाली 24 ट्रेनें रद्द, ठंड और कोहरे बना कारण

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ठंड और भारी शीतलहर के मद्देनजर 24 ट्रेनों को दो से ज्यादा महीनों के लिए रद्द कर दिया है। रेलवे के इस फैसले के चलते यूपी के यात्रियों को अच्छी-खासी परेशानी उठानी पड़ सकती है। साथ ही पहले की बनी-बनाई यात्रा की योजनाएं बिगड़ सकती हैं। यूपी में इन दिनों ठंड और को. हरे का डबल अटैक है। तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विजिबिलिटी भी खासी प्रभावित हुई है, कई जिलों में ख्रश्यता शून्य रिकॉर्ड किया गया है। इसका असर यातायात पर भी पड़ रहा है, खासकर रेल यातायात की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# यूपीपीएससी के बाहर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन

**प्रयागराज, वार्ता**

■ पुलिस से झड़प, हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार को खत्म करने और पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने सोमवार को आयोग पर प्रदर्शन किया। अपने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर छात्र-छात्राओं ने लोक सेवा आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर धरना दिया और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रतियोगी छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर हाथों में पोस्टर बैनर ले रखे थे। प्रतियोगिता छात्र छात्राओं की मांग की है कि आयोग भर्ती परीक्षाओं की संशोधित आंसर सीट की जारी करे। इसके अलावा श्रेणी वार अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स भी जारी करे। प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों ने आंदोलन समर्थन दिया है। प्रतियोगी छात्रों के महा आंदोलन को लेकर पुलिस और प्रशासन पहले से अलर्ट मोड में था, जिसके चलते लोक सेवा आयोग के पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मौके पर पुलिस, पीएसी के साथ ही आरएएफ को तैनात किया गया था। आयोग के खिलाफ धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने फिलहाल बलपूर्वक हटा दिया है। धरने से हटाने के दौरान छात्रों से पुलिस की झड़प भी हुई। पुलिस ड्रोन कैमरे से भी छात्रों के इस आंदोलन की निगरानी कर रही है। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और कई एसीपी तैनात किए गए हैं।

### छात्रों के साथ मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का द्योतक: अखिलेश

**लखनऊ।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलनरत छात्रों के साथ दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेरोजगारी की पीध से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट भाजपा के सत्ता अहंकार का प्रतीके है। यादव ने यहां एक बयान में कहा कि लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है, जो अमानुषिक बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है।

# कम नहीं है भाजपा में नए प्रदेशाध्यक्ष की चुनौतियां

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे, सरकार के साथ संतुलन भी बैठाना होगा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पार्टी में उत्तर प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के इस फैसले को 2024 के लोकसभा चुनावों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन और 2027 के विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। इसके अलावा अगले वर्ष प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी नेतृत्व चयन में अहम कारक रहे। ऐसे में पार्टी ने एक बार फिर ओबीसी नेतृत्व को आगे कर सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। नामांकन के बाद पंकज चौधरी ने कहा कि जो पार्टी दायित्व देती है, उस पर निष्ठा से कार्य करना ही कर्तव्य है। मैं कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा और उनकी बात सुनूंगा। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे हैं और फ़िलिहाल गोरखपुर शहरी सीट से विधायक हैं, इसी जिले की पड़ोसी सीट महाराजगंज से पंकज चौधरी सांसद हैं। उनके सामने एक बड़ी चुनौती योगी के साथ तालमेल बैठाना भी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में पार्टी के सबसे अहम संगठनात्मक पद को लेकर चल रही महीनों की अटकलों पर विराम लग गया। पंकज चौधरी भाजपा के 15वें प्रदेश अध्यक्ष होंगे और वह प्रदेश में पार्टी की कमान संभालने वाले चौथे कुर्मी नेता बने हैं। पंकज चौधरी को संगठन और सरकार दोनों का अनुभवी नेता माना जाता है। साल 2021 से वो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री हैं और वर्तमान में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की ज़िम्मेदारी संभाल रहे हैं।

पार्टी संगठन में भी उनकी पकड़ मजबूत रही है। राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि भाजपा नए समीकरण की तलाश कर रही है, लेकिन इससे बहुत फ़ायदा होने की उम्मीद नहीं है। भाजपा साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे से डरी हुई है। इस फ़ैसले की वजह यह है कि पंकज चौधरी कुर्मी जाति से आते हैं, जिनका प्रदेश के कई जिलों में प्रभाव माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, ये समझ से परे है कि पूर्वांचल से मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का क्या औचित्य है, यह ज्यादातर ऑप्टिक्स का मामला लगता है। राजनीतिक हलकों में पंकज चौधरी योगी के विरोधी माने जाते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के कद के आगे उनकी बराबरी नहीं है। इसके अलावा वो कुर्मियों के सर्वमान्य नेता नहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सभी दलों से जीतने वाले सांसदों में 11 कुर्मी समुदाय से आते हैं। इस समुदाय की आबादी का गैर-आधिकारिक आंकड़ा क़रीब 7 फ़ीसदी माना जाता है।

## लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर बोले योगी

# नेहरू के कारण मिला उग्रवाद व अलगाववाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कारण कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसम्बर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा। योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकुमूत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश- दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। देश पीएम मोदी का आभारी है, जिन्होंने धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया।



नेहरू ने जम्मू कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि वह भारत को लगातार डसता रहा लौह पुरुष ने हमेशा विभाजन का विरोध किया

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन और प्रशासन अन्नदाता किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

'जनता दर्शन' कार्यक्रम में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लाप. रवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि संस्कृति प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण आया है, जब दुनिया के सबसे दिव्य और अलौकिक उत्सव दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए अपने संद. ेश में मुख्यमंत्री योगी ने अपील की है कि वे इस गौरवशाली यात्रा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भाग लें। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश 'योगी की पाती' में कहा कि यूनेस्को की इस मान्यता से न केवल भारतीय सनातन संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण है।

# अखिलेश ने भाजपा के चुनावी गणित पर उठाए सवाल

**शाह टाइमस ब्यूरो**



■ पीडीए प्रहरी के कारण एसआईआर में गड़बड़ी नहीं कर सकी बीजेपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के एक बयान का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है।

अखिलेश यादव का कहना है कि मुख्यमंत्री स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बयान के कई राजनी. तिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं। उनका कहना है कि पहला निष्कर्ष यह है कि 'पीडीए प्रहरी' की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी। उन्होंने आंकड़ों के आधार पर कहा कि यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों के लिहाज से यह प्रति सीट औसतन करीब 84 हजार वोटों की कमी को दर्शाता है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# रुपये के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



रुपए में लगातार जारी गिरावट के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक (0.06 प्रतिशत) फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 19.65 अंक यानी (0.08 प्रतिशत) गिरकर 26,027.30 अंक पर रहा। रुपए पर आज भारी दबाव रहा। बीच कारोबार में यह पहली बार 90.80 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा कमजोर रही। बाजार में आज शुरुआती गिरावट रही। दोपहर बाद कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान को छूने में कामयाब रहे, हालांकि अंत में गिरावट में लाल निशान में ही बंद हुए। बड़ी और मझौली कंपनियों पर जहां दबाव रहा, वहीं छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप-100 में 0.21 प्रतिशत की तेजी देखी गई। च्वॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के विश्लेषक अमृता शिंदे और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियर सर्विसेज में वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि वृहद बाजार में निवेशकों ने चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी की। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,665 के शेयर हरे निशान में और 1,468 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 104 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1. 42 प्रतिशत चढ़ा। ट्रेंट में 0.79 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.70, एशियन पेंट्स में 0.53 और टाटा स्टील तथा इंफोसिस दोनों में 0.52 फीसदी की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.94 फीसदी गिरा।

# सोना 1.33 लाख के ऑलटाइम हाई पर, चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 732 रुपए बढ़कर 1,33,442 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,32,710 रुपए पर था। चांदी के दाम में आज गिरावट देखी गई है, जो 2,958 रुपए गिरकर 1,92,222 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले ये 1,95,180 रुपए पर थी। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है।

अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। जियोपॉलिटिकल-रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। रिजर्व बैंक -चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी देखी गयी। गेहूं के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 90 रुपए बढ़कर 3,842 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।

गेहूं 22 रुपए सस्ता हुआ और 2,853 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 36 रुपए गिर गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसंतन 234 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। चना दाल का भाव 151 रुपए और मसूर दाल का 132 रुपए बढ़ गया। मूंग दाल 93 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 4,006 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.02 प्रतिशत गिरकर में 50. 06 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 99 रुपए और मूंगफली 87 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य में गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत 87 रुपए और सूरजमुखी तेल की 57 रुपए गिर गयी। सरसों तेल 53 रुपए और सोया तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 81 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 21 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7833. 90 रुपए, मसूर काली 8164.42 रुपए, मूंग दाल 10080.81 रुपए, उड़द दाल 10361.95 रुपए, तुअर दाल 10598.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.80 रुपए और चावल 3842.02 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'मोदी तेरी...**

गई। राज्यसभा की कार्यवाही 12 बजे फिर शुरू हुई। हालांकि, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा, जिसके चलते कार्यवाही 2 बजे तक फिर से स्थगित कर दी गई। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। फिर पता चला कि किसी ने इंटरव्यू में कहा है। भाजपा को खुद नहीं पता की किसने नारेबाजी की। पूरा विवाद दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए थे। नारे लगाने वालों में कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं। वे जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। वे नारेबाजी के जरिये वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को दिखा रही थीं।

**मुगलों की...**

कांग्रेस का भी वही हाल होगा, जो औरंगजेब के समय मुगलों का हुआ था। भाजपा का आरोप है कि महिलाओं के इस ग्रुप ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है, जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। मुगल साम्राज्य में छह लोगों ने शासन किया - बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब। छठी पीढ़ी के शासन के बाद मुगल साम्राज्य खत्म हो गया। इसी तरह कांग्रेस पर भी नेहरू परिवार के छह लोगों ने शासन किया है- मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी। राहुल गांधी छठे हैं, जो अभी सत्ता का आनंद ले रहे हैं। इनके बाद कांग्रेस का भी मुगलों जैसा हश्र होगा।

**अमीरों की...**

अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर ध्यान दिया, जिन्होंने बांके बिहारी जी मंदिर में देवता के दर्शन के समय में बदलाव और वहां देहरी पूजा सहित कुछ आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को रोकने का विरोध किया। दीवान ने कहा कि ये दर्शन का समय परंपरा और रीति-रिवाजों का हिस्सा हैं। जिस समय मंदिर जनता के लिए खुला रहता है, वह एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सख्त समय का पालन किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर के समय में बदलाव से मंदिर के आंतरिक अनुष्ठानों में बदलाव आया है, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब देवता सुबह जागते हैं और रात में सोते हैं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा कि मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है। सीजेआई ने यह भी कहा कि इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सितम्बर 2025 में जारी कार्यालय ज्ञापनों के बाद समय में जो बदलाव किए गए, उससे 'देहरी पूजा' जैसी सदियों पुरानी परंपरा बाधित हो गई। देहरी पूजा केवल गोस्वामियों द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की जाती है और यह मंदिर बंद होने के समय सीमित स्थान पर होती है, इसलिए भीड़ प्रबंधन के नाम पर इसे रोकना अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दलीलें सुनने के बाद संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

# सीएम दरबार तक पहुंची नाबालिग ध्वनि की फरियाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ न्याय के बजाय शामली जनपद के ग्राम सिलवर की निवासी लौट गई निराशा लेकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाकर आमजन की फरियाद सुनते हैं और मंगलवार को गोरखपुर में भी पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं।

इसी विश्वास और उम्मीद के सहारे सैकड़ों किलोमीटर दूर शामली जनपद के ग्राम सिलवर से ध्वनि तरार अपनी फरियाद लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंची थी, लेकिन वह न्याय की उम्मीद लिए जिस दरबार में आई, वहां से उसे निराशा और टूटे विश्वास के साथ लौटना पड़ा। ध्वनि तरार ने बताया कि वह अपनी मां और एक परिचित के साथ चंडीगढ़ एक्सप्रेस में लटककर लखनऊ पहुंची। रिजर्वेशन नहीं मिला, पूरी रात सर्दी में सफर किया और सुबह करीब पांच बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गई। वहां बताया गया कि आठ बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी। किसी तरह इंतजार के बाद केवल ध्वनि को ही अंदर जाने दिया गया, उसकी मां को बाहर ही रोक दिया गया। अंदर पहुं. चने पर अधिकारियों ने उसका प्रार्थना पत्र ले लिया और यह कहकर लौटा दिया कि कार्रवाई हो जाएगी। ध्वनि का कहना है कि वह इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री दरबार में प्रार्थना पत्र भेज चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। ध्वनि की कहानी केवल जमीन विवाद की नहीं है, यह एक ऐसी बेटी की कहानी है, जिसने पैदा होते ही पिता का साया खो दिया। ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है। गोल्डी सिंह शराब के आदी थे। परिजनों के अनुसार शादी के बाद पत्नी सोनिया उन्हें शराब छोड़ने के लिए समझाती थी। ध्वनि के जन्म के महज डेढ़ महीने बाद पारिवारिक तनाव और हालातों के बीच गोल्डी सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यहीं से ध्वनि का संघर्ष शुरू हो गया। कुछ समय तक वह अपनी मां के साथ रही, लेकिन सामाजिक दबाव में सोनिया को दूसरे गांव में विवाह करना पड़ा। ध्वनि को बागपत जनपद के खंडेरा गांव में उसके नाना के यहां शरण मिली। उधर उसके दादा परमजीत बीमार रहते थे। उन्होंने अपनी जमीन अपनी पत्नी के नाम वसीयत कर दी थी और बाद में दो हजार ढ्रीस में ध्वनि के नाम दाखिल-खारिज भी हो गया। लेकिन जैसे ही उसकी दादी का देहांत हुआ, ध्वनि के चचेरे दादाओं और चाचाओं की नीयत बदल गई। ध्वनि का आरोप है कि उसके चचेरे दादा, दो चाचा और एक चचेरा भाई उसकी करीब तीस बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिस मकान में वह मां के पास रह रही है, उसकी जमीन पर भी चचेरे भाई ने कब्जा कर लिया। पिछले चार-पांच वर्षों से वह तहसील, थाना और प्रशास. निक द"तरों के च्रर काट रही है, लेकिन कहीं से राहत नहीं मिली। उलटे उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए, जमीन के कागजों में हेराफेरी कराई गई और दाखिल-खारिज तक रुकवा दिया गया। ध्वनि ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शामली जनपद का भाजपा जिलाध्यक्ष उसके चचेरे दादाओं का साथ दे रहा है। उसका कहना है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी इस पूरे मामले में दबाव बना रहे हैं। अब तो स्थिति यह है कि उसके अस्तित्व तक पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चचेरे परिजनों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर यह तक कह दिया कि ध्वनि उनके भाई की बेटी नहीं है, बल्कि किसी और की लड़की है, जिसे विधवा बहू के जरिए लाया गया है। जबकि पूरा गांव जानता है कि ध्वनि परमजीत की पोती और गोल्डी सिंह की बेटी है।

# हाईवे के भोपा रोड पर हादसा, दो की मौत

## अज्ञात वाहन से देवरानी व जेठानी की गई जान, रिश्तेदार युवती की हालत गंभीर

**मंडी क्षेत्र के गांव तिगरी में कोहराम, वाहन की तलाश जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली देहरादून हाईवे पर नई मंडी क्षेत्र के गांव तिगरी की युवती सहित तीन महिलाओं को अज्ञात वाहन कुचल कर फरार हो गया। इस दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि युवती अभी भी अस्पताल में भर्ती है। घटना को 24 घंटे बीत चुके है, लेकिन अभी तक पुलिस व ग्रामीण यह पता नहीं लगा सके कि दुर्घटना किस तरह हुई और कौन से वाहन ने इस भयानक हादसे को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है। और पीड़ित परिवार की ओर से बयान लेने के बाद कार्यवाही शुरू कर दी।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव तिगरी निवासी 40 वर्षीय बबली पत्नी प्रवीण कुमार रविवार की सवेरे करीब ग्यारह बजे अपनी जेठानी राजवीरी पत्नी प्रमोद उम्र 47 वर्ष और अपनी रिश्तेदार 25 वर्षीय सोनिया पुत्री जलसिंह निवासी ग्राम मेघाखेडी थाना नई मंडी कोतवाली के साथ खतौली गई थी। परिजनों का कहना है कि तीनो किसी डॉक्टर के पास खतौली गई थी और देर रात उन्हे हादसे की जानकारी हुई। राजवीरी के पति प्रमोद का कहना है कि वह रात्रि में भोपा रोड स्थित पुरानी बिंदल फैक्ट्री में मजदूरी करता है और रात में उन्हे सूचना मिली कि उनकी पत्नी दुर्घटना में घायल हो गई है। कुछ ही समय में वह और उनका परिवार अस्पताल पहुंचा तो राजवीरी की मौत हो चुकी थी। प्रमोद यह भी बताते है कि बबली पत्नी प्रवीण की अस्पताल में मौत हुई है। अब प्रमोद व बबली का परिवार तथा सोनिया के परिजन इस बात को लेकर गंभीर है कि आखिर दुर्घटना कैसे हुई और दुर्घटना करने वाला वाहन क्या था और वह किधर की तरफ फरार हुआ है। यह जानकारी मिल चुकी है कि घटना दिल्ली देहरादून हाईवे के भोपा बाइपास पुल से उतरकर हुई लोगों का अनुमान है कि तीनों महिलाएं खतौली से चलकर घटना स्थल पर वाहन से नीचे उतरने के बाद अपने गांव की ओर चली जहा सडक पार करते समय अज्ञात वाहन उन्हे रौंद कर चला गया। कुल मिलाकर इस मामले को 24 घंटे बीत चुके है, लेकिन पुलिस अभी तक यह नहीं जान पाई कि इतना भयानक हादसा किस वाहन से हुआ है? वैसे तो पुलिस यह भी दावा कर रही है कि दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक तक पहुंचने के लिए पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस ने बबली और राजवीरी के शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और सोनिया का इलाज एक अस्पताल में चल रहा है।

# बेलड़ा पुल से नहर मे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**नहर पुल पर लगातार आत्महत्या की घटनाओं से ग्रामीणों मे दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**भोपा।** सुसाइड पाइंट बने बेलड़ा पुल से युवक ने गंग नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई लेकिन युवक का पता नहीं चल सका है। लगातार आत्म हत्या की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों मे दहशत फैल गयी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी 27 वर्षीय राजन पुत्र बाबूराम सोमवार दोपहर लगभग एक बजे निकटवर्ती गांव बेलड़ा गंग नहर पुलपर पहुंचा।और नहर मे छलांग लगा दी। वहां मौजूद सन्नी उर्फ छोटू निवासी गांव महमूदपुर माजरा ने युवक को बचाने के प्रयास में गंगनहर में छलांग लगा दी। जिसके बाद दोनों युवक गहरे पानी की लहरों मे ज़िन्दगी के लिए संघर्ष करने लगे। दो युवकों डूबते हुए देखकर राहगीरो के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ इकटठा हो गयी उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा किसी प्रकार सन्नी उर्फ छोटू को बचा लिया गया।किन्तु राजन गहरे पानी समा गया।मौके पर क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह भी पहुँच गये। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से युवक की गंग नहर में तलाश कराई लेकिन उसका का पता नहीं चल सका। राजन आठ भाइयों में से पांचवें नंबर का था बड़ा भाई आदेश , रवि, देवेंद्र ,लाखन, निखिल, निगम, गुरमीत, मां ओंमकारी , दादा बलजीत का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक वाहन चालक के रूप मे कार्य करता था।

वहीं बीते 11 दिसम्बर को सिकंदरपुर निवासी वृद्ध महिला रामेश्वरी देवी ने बेलड़ा नहर पुल से कूदकर आत्म हत्या कर ली थी जिसके शव की तलाश जारी है। पूर्व मे भी कई व्यद्रि बेलड़ा नहर मे कूदकर जान दे चुके हैं। आत्म हत्या की बढ़ती घटनाओं से बेलड़ा, धीराहेड़ी, निरगाजनी, महमूदपुर माजरा, बेहड़ा थ्रू, सिकंदरपुर रहमतपुर गड़वाडा के ग्रामीणों मे दहशत बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने बेलड़ा पुल पर पुलिस की नियमित तैनाती की मांग की है।



मुजफ्फरनगर: बंद का आह्वान करते जिला बार संघ के पदाधिकारी।

# शॉट सर्किट से लगी आग, लाखों की क्षति

## भीषण आग से दुकान व मकान का सामान जला, फायरब्रिगेड मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र की समीपवर्ती दाल मंडी में खिलौनी व्यापारी की दुकान में लगी आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और आग ऊपर कमरे तक पहुंच गई। इस आग में दुकान व मकान का सामान व नगदी जलकर राख हो गई। परिजनों ने पड़ोसी के घर की छत पर पहुंच कर जान बचाई। दमकल विभाग की टीम ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया इस वक्त तक 25 लाख रूपये का नुकसान होना बताया गया है। इस सूचना पर मंत्री कपिल देव भी मौके पर पहुंचे।

बताया जाता है कि दाल मंडी में यतेन्द्र जिंदल व उनके भाई पुष्पेंद्र जिंदल का करीब 35 गज में छोटा मकान है। दोनों भाई का परिवार ऊपरी मंजिल पर रहता है। यतेंद्र के परिवार में पत्नी शालू, बेटी आराध्या (9) व जिया (17) व पुष्पेंद्र के परिवार में बेटा संयम (23) व बेटी उन्नति (19) है। दोनों भाइयों के परिवार के सदस्य एक की घर में रहते है। रविवार को परिवार के सभी लोग सोए हुए थे सवेरे करीब तीन बजे पुष्पेन्द्र की पत्नी रेखा को दुकान से धुंआ निकलता दिखाई दिया जिसके बाद महिला ने परिवार के लोगों को जगाया। सभी लोग जाग उठे और उन्होने छत पर जाकर देखा और पडौसी कन्हैया शर्मा के घर की ओर से अपने मकान के सामने पहुंचे। जैसे ही आग बुझाने के लिए दरवाजा तोडा गया तो आग ने भंयकर रूप धारण कर लिया आग की लपडे दूर-दूर तक फैलने लगी और ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई। कुछ देर बाद ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मशक्कत कर आग को पौने दो घंटे में बुझाया। लेकिन आग में घर का सभी घरेलू सामान व दुकान का सामान जल गया। यतेंद्र जिंदल ने लगभग 25 लाख का नुकसान होना बताया है। उनके घर की दीवारों में आग से दरार आ गई है। कुछ देर बाद ही यहां आसपास के व्यापारी भी मौके पर इकट्ठा हो चुके थे। उधर सोमवार की सवेरे मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी यहां पहुंचे और उन्होने हालात का गंभीरता से निरीक्षण किया इसके बाद उन्होने डीएम से वार्ता कर शीघ्र ही उचित और सम्मानजनक मुआवजा उपलब्ध कराने क मांग रखी।



मुजफ्फरनगर: आग से जलता हुआ सामान।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग पर 17 को वेस्ट यूपी रहेगा बंद

**जिला बार संघ को मिला व्यापार मण्डलों का सहयोग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना की वर्षो से मांग उठाई जा रही है। और यहीं मांग एक बार फिर तेजी पकड गई है। हाईकोर्ट की स्थापना बैंच को लेकर अधिवक्ताओं के साथ अब व्यापारी भी जुड रहे है। जिसको लेकर 17 दिसम्बर को पश्चिम उत्तर प्रदेश में बंद का अहवान किया गया। इसे सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनो का समर्थन भी जुटाया जा रहा है।

जिला बार एसोसिएशन द्वारा सोमवार को जनपद की जिला कचहरी स्थित एसोसिएशन के कार्यकारिणी कक्ष में एक पत्र वार्ता की गई जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर 17 दिसम्बर को पश्चिम उत्तर प्रदेश में पूर्णत: बंद रहने का आहवान किया गया है।

इस दौरान बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने जानकारी दी कि केन्द्रीय संघर्ष समिति काफी समय से पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के लिए आंदोलन कर रही है और इस आंदोलन को जनादोलन के साथ-साथ व्यापारियों एवं अन्य सामाजिक वर्गो को भी जोडा जा रहा है उन्होने जानकारी दी कि इसी के चलते 17 दिसम्बर को बंद का अहवान किया गया और इसे सफल बनाने के लिए वह व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सहयोग मांगा जा रहा है। इस दौरान महासचिव ने कहा कि यह बंद केवल अधिवक्ताओं तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरा पश्चिम उत्तर प्रदेश इस आंदोलन में भाग लेगा। चन्द्रवीर निर्वाल ने यह भी बताया कि केन्द्रीय संघर्ष समिति ने इस मुद्दे को लेकर केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री से मुलाकात कर समय लिया है, उन्होने कहा कि प्रस्तावित आंदोलन के बाद दिल्ली में इस संबंध में उनसे मुलाकात की जाएगी ताकि पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता की इस मांग को मजबूती के साथ रखा जा सके। वार्ता के दौरान समर्थन देने पहुंचे व्यापारी नेताओं में कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, श्री मोहन तायल प्रमुख रूप से रहे। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि वह बंद को सफल बनाने के लिए पूरी तरह समर्थन देंगे।

व्यापारी नेताओं ने यह भी आश्वासन दिया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की मांग काफी समय से उठ रही है और यह मांग जरूरी है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की न्यायिक आवश्यकताओं को देखते हुए यह मांग बहुत जरूरी हो गई है। इस दौरान वार्ता में यही आशा जताई गई कि अधिवक्ता और व्यापारी एक जुट होकर आंदोलन करेंगे इसी से सरकार इस और कोई अच्छा निर्णय लेगी।

# विभागों के बीच समन्वय न होने पर भड़के मंत्री कपिल देव

**प्राधिकरण, जल निगम व नगर पालिका को डीएम ने दी लास्ट वार्निंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के बाहर परिक्रमा मार्ग पर वर्षो से चली आ रही जलभराव की समस्या का समाधान और उसके लिए कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर अधिकारियों की बैठक लेते हुए राज्य मंत्री और नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने दो टूक शब्दों में प्राधिकरण के सचिव और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी को चेतावनी दे डाली कि यदि उन्होंने जल भराव की समस्या के समाधान हेतु संयुक्त प्रयास नहीं किया तो वह सारी वस्तु स्थिति से शासन को अवगत करा देंगे गौरतलब है कि कुछ दिन पहले रेशु विहार फाटक के निकट जलभराव की स्थिति में एक युवक ने अर्धनग्न होकर गंदे जल में ही धरना देना शुरू कर दिया था जिसे मनाने के लिए राज्य मंत्री को खुद गंदे पानी में उतरना पड़ा था उसके बावजूद नगर प्रशासन से जुड़े विभाग अपनी जिम्मेदारी संवेदनशीलता के साथ निभाने को तैयार नहीं है। इससे राज्य मंत्री कपिल देव नाराज हैं और उन्होंने लखनऊ से आते ही इस मुद्दे पर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भी जल निगम द्वारा प्रस्तुत नाले की योजना पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने का निर्देश दिया। डीएम ने तीनों संबंधित विभागों को जमीनी सर्वेक्षण कर आसपास की सभी कॉलोनियों के लिए जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने वाली कार्य योजना तैयार करने का आदेश दिया। मेरठ रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद की ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में शहर में जलभराव की समस्या, नालों की सफाई, ड्रेनेज लाइन की स्थिति तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्हेंनि कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री राम कॉलेज परिक्रमा मार्ग पिछले काफी समय से जलमग्न रहा है, जिससे स्कूल-कॉलेज के छात्रों और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मंत्री ने प्रस्तावित कार्य योजनाओं को अधूरा और असंतोषजनक पाया, जिस पर उन्होंने जिलाधिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने विशेष रूप से एमडीए के सहायक अभियंता द्ध।म्क्ष् और नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर (श्रम सिविल) को फटकार लगाई। उन्होंने विभागों के बीच तालमेल की कमी और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग पर सवाल उठाए। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित योजनाएं संतोषजनक नहीं हैं। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों से खराब सड़कों और नाले नालियों के निर्माण पर भी आपत्ति जताई। और पूछा कि निर्माण स्थलो पर सूचना पट क्यों नहीं लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग एक साथ बैठना भी पसंद नहीं कर रहे और जन आक्रोश का सामना जनप्रतिनिधियों को करना पड़ रहा है, निर्माण स्थलों पर जाकर इंजीनियर यह तक नहीं देख रहे की पानी का बहाव किस ओर होना चाहिए, राज्य मंत्री कपिल देव ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस बार वह स्थानीय अधिकारियों को समझ रहे हैं अगली बार लखनऊ से ही टीम लेकर मुजफ्फरनगर आएंगे और तब उन्हें सारी दुर्दशा से अवगत कराकर विभागीय अधिकारीयों की एक-एक करके पोल खोलेंगे। मंत्री और जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का बहाना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। डीएम ने विभागों के बीच सामंजस्य की कमी और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग पर गंभीर नाराजगी जताई। एमडीए के सचिव और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रज्ञा सिंह को चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ शासन को पत्र लिखा जाएगा।

# पूर्व पटवारी ने सिस्टम के खिलाफ लिखी किताब

**अफरशाही की खोली परते, भ्रष्टाचार का किया खुलासा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जानसठ तहसील में लेखपाल के पद पर रह चुके जयभगवान अग्रवाल ने सिस्टम के भीतर रहकर सिस्टम के खिलाफ मोर्चा खोला है। उन्हे झूठे मुकदमे और झूठे मामलों में फंसाकर साढ़े सत्रह महिने जेल में रखा गया। जेल भेजने की यह कार्यवाही उन्ही के विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई है ऐसा आरोप जयभगवान अग्रवल का है। उन्होने जेल में रहते अपनी लड़ाई जारी रखी और अपने को निर्दोष साबित करने के लिए 180 से ज्यादा आरटीआई दाखिल की। इस आरटीआई के जवाब के आधार पर ही उन्हे जेल से जमानत मिली है।

रिटायर्ड पटवारी जयभगवान अग्रवाल ने उनके साथ हुए अन्याय और सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार को उजागर किया है उन्होने भ्रष्टाचार उजागर करने के लिए एक किताब लिखी है। इस किताब का नाम उन्होने **अफसरशाही: एक अनसुना सच** रखा है। लिखी गई पुस्तक में उनहोने अफसरशाही से लेकर माफिया, गठजोड, किसानों के शोषण, फर्जी मुकदमों और भ्रष्टाचार के मामलों को ठोस दस्तावेजी सबूतों के साथ उजागर किया है।

लिखी गई पुस्तक में बताया गया कि अधिकारी माफियाओं के साथ मिलकर किस तरह सरकारी सम्पत्तियों का दुरूपयोग करते है, किसानों की जमीन और फसले लूटी जाती है और ईमानदार कर्मचारियों को आवाज उठाने पर झूठे मामलों में फंसा दिया जाता है।

लिखी गई किताब में यह भी दावा किया गया कि सच्चाई सामने लाने वाले कर्मचारी व अन्य लोगों को डरा-धमका कर भयभीत कर दिया जाता है और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मचारी व लोगों को फर्जी मुकदमे में या तो जेल भेज दिया जाता है या प्रयास किया जाता है। पुस्तक में यह भी लिखा है कि सभी तथ्य व जानकारी के लिए प्रमाण और साक्ष्य क्यूआर कोड के माध्यम से भी जानकारी की जा सकती है, ताकि किसी को यह मौका न मिले कि आरोप बिना सबूत के है।

जयभगवान अग्रवाल ने कहा कि इस पुस्तक को उन्होने अपनी पीड़ा ही नहीं बल्कि देश की आम जनता, किसानों और ईमानदार लोगों की आवाज उठाने के लिए लिखी है। उन्होने यह भी मांग रखी कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो जिससे दोषी अधिकारी व माफियाओं को सख्त से सख्त सजा मिले।

# एमडीए ने सरसों की फसल नष्ट कर 5000 वर्ग मीटर जमीन पर लिया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव में एमडीए द्वारा 5000 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा लिया गया है। इस जमीन पर करीब 20 सालों से कोर्ट में केस चल रहा था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। पीड़ित किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जमीन पर सरसों की फसल थी, जिसे जेसीबी द्वारा तहस-नहस कर दिया गया। तीन आदमियों को जमीन के मालिक बताया गया है और उनकी बाउंड्रियां करवाई जा रही हैं।

इस मामले में जोनल अधिकारी अर्पित यादव और एमडीए की टीम मौके पर मौजूद थे। किसानों और एमडीए के अधिकारियों के बीच नोकझोंक हुई, जिसे गंगानगर बबनपुर पुलिस ने शांत कराया। गंगानगर थाना अध्यक्ष और शिव सदर देहात शिव प्रताप ने किसानों को समझाया और उन्हें उनकी फसल का मुआवजा देने और जमीन के लिए आगे बात करने का आश्वासन दिया।

पीड़ित किसानों का कहना है कि यह जमीन उनकी पैतृक संपत्ति है और वे इसे नहीं छोड़ेंगे। उनका कहना है कि एमडीए द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा करना गलत है और वे इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।


१ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)

*Where service is a way of life*

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**सी-1ए, सेक्टर-63, नोएडा फोन: 0120-4314956**

**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना दिनांक 30.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई चल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब एवं सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए 'जैसा है, जहां है और जैसा है, के आधार पर'बेचने का अधिकार है। बिक्री https://baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

**अचल संपत्तियों का विवरण**

| क्रं. सं. | उधारकर्ता का नाम / गारंटर और शाखा | संपत्ति का विवरण / संपत्ति आईडी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क नम्बर | कब्जे का प्रकार | डिमांड नोटिस की तिथि और बकाया राशि (रु.) उस पर भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि | संपत्ति छवि / वीडियो के लिए क्यूआर कोड | संपत्ति स्थान के लिए क्यूआर कोड | सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **कर्जदार** – जरीफ मलिक पुत्र सद्दीक मलिक **सह-कर्जदार**– कय्यूम मलिक पत्नी जरीफ मलिक **गारंटर** – सरताज अली पुत्र गुफरान अली **शाखा – मुजफ्फरनगर** | प्रॉपर्टी नंबर. प्रॉपर्टी का पूरा हिस्सा 57.47 वर्ग मीटर का है, जो खसरा नंबर 308, 309 और 310 मोहल्ला रामपुरी सेक्टर 3 मुजफ्फरनगर परगना तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में है और जो सब रजिस्ट्री ऑफिस ।। मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द नंबर 6584, पेज नंबर 149 से 182 पर सीरियल नंबर 3443 तारीख 06-04-2016 पर रजिस्टर्ड है। एरिया – 57.47 वर्ग मीटर प्रॉपर्टी की सीमा इस तरह है:– उत्तर: कौशल्या का प्लॉट, दक्षिण: मोहम्मद शाहरुख का प्लॉट, पूर्वः ज्ञानचंद का प्लॉट, पश्चिमः रास्ता 15 फीट चौड़ा सम्पत्ति आईडी - **PSIB0000877** | शाखा – मुजफ्फरनगर मोबाइल – 8376007639 नाम : श्री विक्रम यादव ई-मेल– vikram.yadav@psb.bank.in | सांकेतिक कब्जा | 06.04.2023 01.04.2023 तक रुपये 1376219.36 + उस पर और ब्याज, खर्च और अन्य व्यय | रु. 19,30,000/- रु. 1,93,000/- रु. 25,000/- | | | |

**संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय: 26.12.2025 (सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक)** ★ **ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 अपराह्न 04.00 बजे तक**

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल यानी **https://baanknet.com/** पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी/आरटीजीएस/चालान के माध्यम से स्थानांतरित किया जाना है। खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है: खाते का नाम– **EARNEST MONEY**; खाता संख्या– **80285038010002**; आईएफएस कोड– **PSIB0008028**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://punjabandsind.bank.in/module/sarfaesi-list** और **https://baanknet.com/** देखें

**इस नोटिस को नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत उधारकर्ताओं और गारंटर (एल/आरएस) को 15 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।**

दिनांक: 15.12.2025, स्थान: मुजफ्फरनगर | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एंड सिंध बैंक

# रेलवे ट्रैक बना छात्रों का अड्डा, स्कूल समय में लापरवाही से बाल-बाल टला बड़ा हादसा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में स्कूल समय के दौरान रेलवे ट्रैक पर छात्रों और युवकों की बेपरवाही गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। रेलवे लाइन पर खुलेआम घूमना, सिगरेट पीना और मोबाइल या एयरफोन लगाए बेखौफ टहलना कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। स्थानीय प्रशासन और जीआरपी पुलिस की निष्क्रियता के चलते सुरक्षा व्यवस्था लगभग नदारद नजर आ रही है। रेलवे विभाग द्वारा खतौली में कॉरिडोर बनाए जाने के बावजूद हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूल के समय बड़ी संख्या में छात्र और आवारा लोग रेलवे ट्रैक को रास्ते और ठिकाने की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। कई छात्र कानों में एयरफोन लगाए रहते हैं, जिससे उन्हें ट्रेनों के हॉर्न तक की आवाज सुनाई नहीं देती। सोमवार को रेलवे कॉरिडोर पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सिगरेट पीते हुए ट्रैक पर घूम रहे छात्रों के बीच अचानक विपरीत दिशा से मालगाड़ी आ गई। ट्रेन का हॉर्न सुनते ही कुछ छात्र तो भागकर बच निकले, लेकिन एयरफोन लगाए युवकों को आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर और खींचकर ट्रैक से हटाया। गनीमत रही कि समय रहते सभी सुरक्षित हट गए और एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर दस मिनट में ट्रेनों का आवागमन होने के बावजूद न तो जीआरपी और न ही सिविल पुलिस की नियमित गश्त होती है। हाल ही में एक सप्ताह पूर्व रेलवे ट्रैक पार करते समय एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसकी अब तक पहचान भी नहीं हो सकी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे लाइन पर दिन-रात पुलिस गश्त की जाए, स्कूलों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।



# एसएसपी संजय वर्मा के निर्देश पर बैंक सुरक्षा को लेकर सघन निरीक्षण

**मीरापुर।** क्षेत्र में बैंक सुरक्षा को मजबूत करने और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से मीरापुर पुलिस द्वारा बैंकों पर एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा, पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल तथा क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेंद्र सिंह नागर के दिशा-निर्देश पर संचालित किया गया।

अभियान का नेतृत्व स्वयं मीरा. पुर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बैंकों में तैनात सुरक्षाकर्मियों के डड्यूटी रजिस्टर की गहन जांच की और उन्हें सतर्कता के साथ डड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक परिसर एवं आसपास बिना किसी वैध कारण के खड़े संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई तथा उनसे पूछताछ भी की गई। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रिकार्डिंग व्यवस्था और अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की भी जांच की। जहां कहीं तकनीकी खामियां पाई गईं, वहां बैंक प्रबंधन को शीघ्र सुधार कराने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। पुलिस के इस अभियान से बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के चे. कंग अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और किसी भी आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके।

## एसएसपी ने किया चौकीदारों को सम्मानित

**छपार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकीदारों को भी सम्मानित किया ओर उनसे क्षेत्र में अपराधियों व अपराधों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। थाने में लम्बित विवेचनाओं के जल्दी निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिये।

सोमवार की शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाने पर पहुंचे उन्हें सबसे पहले सलामी दी गई उसके बाद उन्होंने सबसे पहले महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण किया फिर साइबर कम्प्यूटर रुम व आफिस का निरीक्षण कर शस्त्रो को दरोगाओं से खुलवाकर बंद करवा कर देखा उसके बाद थाना परिसर व बेरको में साफ सफाई को देखा। सभी गांवों के चौकीदारों से अपराधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए ओर उन्हें लिफाफा देकर सम्मानित किया। थाने पर मौजूद दरोगाओं से पुरानी लम्बित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका जल्द ही निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों से महिला शक्ति मिशन के बारे में कहा कि स्कूल व कालेजों में कड़ी नजर रखे। कहीं छेड़छाड़ की घटना न हो अगर छेड़छाड़ हुई तो तुरंत कार्रवाई करें। सभी पुलिस कर्मियों से अपराधियों के बारे कहा कि कुछ अपराधी जमानत पर छूटकर आते हैं ओर फिर अपराध करते हैं उन पर कड़ी नजर रखे। शादियां चल रही ध्यान रखें कि खतौली जैसी घटना न हो।उसमें सभी बदमाश हेलमेट लगाकर पहुंचे उनमें एक बदमाश छह फुट लम्बा था उसके बारे में कोई भी थाना जानकारी नहीं कर पाया यह उनके लिए शर्म की बात है। सभी अलर्ट रहें ओर पीड़ितों की बात सुने उनके साथ कुशल व्यवहार करें और उनकी समस्या का समाधान करें उनके साथ सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा भी भी मौजूद रहे।

# एक मन से भी ज्यादा अवैध गांजा हुआ जब्त

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा आपरेशन सवेरा के तहत एक बहुत ही बडा सराहनीय कार्य किया गया। जिसमें बुढाना पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को 41 किलो 220 ग्राम अवैध नशीले पदार्थ गांजे के साथ पकड़ा गया। बरामद गांजे की कीमत 9 लाख रुपये है। बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री गश्त कर रहे थे। तब उन्होंने दो युवकों को अरेस्ट किया। जिनके पास से पुलिस को अवेध गांजा मिला। दोनों तस्करों ने अपने नाम आयुष पुत्र सतेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बडौदा और अर्जुन पुत्र मेहर सिंह निवासी गांव जोनमाना बडौत जिला बागपत बताए। पुलिस ने दोनों को बडौत वाया बुढाना मार्ग पर स्थित शिव भोजनालय के पास से पकड़ा। दोनों ने बताया कि हम और सतेन्द्र उर्फ पप्पू, रविंद्र उर्फ नौमान पुत्रगण रामपाल, आर्यन पुत्र सतेन्द्र उर्फ पप्पू निवासीगण ग्राम बडौदा, नील कमल पुत्र मुन्ना निवासी गांव हडौली भौंराकला के साथ मिलकर नीलकमल की गाडी से पानीपत से कम्बल कपड़ा आदि भरकर उडीसा ले जाते हैं तथा उडीसा से इन्ही कपडो में छिपाकर हम लोग गांजा लाते हैं और गांजा को आने जाने वाले लोगो को बेंच देते हैं। जिससे मिले पैसों से हम अपने शौक पूरे कर लेते हैं। दोनों तस्करों पर पूर्व में भी अन्य मामले दर्ज हैं। टीम में एसएसआई ललित शर्मा, गढ़ी चौकी इंचार्ज ललित कसाना, बायवाला चौकी प्रभारी रणवीर सिंह, बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप सिंह, दारोगा गजेंद्र सिंह, दारोगा आशीष कुमार, दारोगा छविकांत चौहान आदि पुलिसकर्मी थे।

# शिक्षकों ने न्याय पंचायत में नहीं कराई खेल प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** कुछ शिक्षकों ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता सिर्फ ब्लाक स्तर पर ही कराकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जबकि न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिता जान बूझकर नहीं कराई गयी। जिसको लेकर प्रतिभागी सैंकडों छात्र और छात्राओं में आयोजक शिक्षकों और जिनकी देखरेख में यह ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गयी है उनके विरुद्ध जबरदस्त रोष है। बुढ़ाना न्याय पंचायत स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए स्कूली छात्र छात्राओं ने काफी समय पहले से ही अपने घर और स्कूल में विभिन्न खेलों की पूरी तैयारियां कर रखी थी लेकिन उनको गहरा धक्का तब लगा जब न्याय पंचायत स्तर पर खेल प्रतियोगिता नहीं करवाई गयी ब्लकि ब्लाक स्तर पर ही प्रतियोगिता करवा दी गयी। कुछ शिक्षकों ने अपना नाम ना छापे जाने की शिकायत पर बताया कि हर वर्ष बच्चों की वार्षिक खेल प्रतियोगिता होती थी। जिनमें पहले न्याय पंचायत पर होती थी उसके बाद में ब्लॉक स्तर पर की जाती थी लेकिन कुछ शिक्षकों ने इस बार न्याय पंचायत पर खेल प्रतियोगिता नहीं कराई। न्याय पंचायत इस बार खेल प्रतियोगिता से वंचित रह गई। जिसके चलते बच्चों और अध्यापकों को भी काफी दुख है। शिक्षकों का कहना है कि ताज्जुब है कि ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिता संपन्न कर दी गई जबकि न्याय पंचायत में खेल भी नहीं हो पाए। अलीपुर अटेरना व बिटावदा न्याय पंचायत ऐसी हैं जिसमे खेल प्रतियोगिता नहीं हो पाई और जिस न्याय पंचायत में खेल हुए हैं उसमें शाम को व्हाट्सएप पर मैसेज कर सिर्फ खानापूर्ति कर दी गयी। जिसमें दो या तीन ही स्कूल आ पाए। कुल मिलाकर इस बार खेल प्रतियोगिता को लेकर फॉर्मेलिटी ही हो पाई।

# अंश बालियान ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड मैडल



**शाहपुर।** कमला देवी इंटर कालेज, कमालपुर के पूर्व छात्र अंश बालियान (निवासी मुकुंदपुर) ने दिल्ली में आयोजित सब जूनियर प्रतियोगिता में बैड लिस्ट (पावरलिफ्टिंग) स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद जब अंश बालियान अपने गांव मुकुंदपुर लौटे तो विद्यालय परिवार द्वारा कालेज परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डा. ओमपाल सिंह सैनी एवं प्रधानाचार्य योगेंद्र बालियान ने अंश बालियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक डा. ओमपाल सिंह सैनी ने कहा कि अंश बालियान विद्यालय का होनहार छात्र रहा है और ऐसे प्रतिभाशाली छात्र पर विद्यालय को गर्व है। उन्होंने अंश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। सम्मान समारोह के दौरान अंश बालियान ने बताया कि इससे पूर्व भी वह दिल्ली के जहांग. ीरपुरी में आयोजित सब जूनियर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुका है। वर्तमान में वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है और उसका लक्ष्य बैड लिस्ट (पावरलिफ्टिंग) में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना है। अंश बालियान के पिता बलबीर सिंह निवासी मुकुंदपुर ने कहा कि उनका पुत्र पढ़ाई में होशियार होने के साथ-साथ पावरलिफ्टिंग के क्षेत्र में भी सफलता प्राप्त करने का सपना संजोए हुए है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से अंश आज इस मुकाम तक पहुंच सका है।

# अपहृत किशोरी कोल्हापुर से बरामद

**मंत्री कपिल देव के आवास पर पीड़ितों ने दिया था धरना**

**मुज़फ्फरनगर।** विगत दिवस नगर कोतवाली के गांव मिमलाना से अगवाह हुई किशोरी को कई सौ किलोमीटर दूर कोल्हापुर से बरामद कर लिया गया है। किशोरी की बरामदगी की सफलता के बाद अधिकारियों व पुलिस ने राहत की सास ली। इस मामले को लेकर कई दिन तक प्रदर्शन, आंदोलन चलता रहा और इसके बावजूद पुलिस लडकी की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रात दिन प्रयास करती रही। यह भी सच है कि एसएसपी के निर्देशन में पुलिस की कई टीमे काम कर रही थी। इस मामले में सर्विलांस और कोल डिटेल का भी सहारा लिया गया कई संदिग्धों से भी पूछताछ की गई। इसके बाद ही नगर कोतवाल बबलू कुमार की देखरेख में पुलिस टीम फ्लाई द्वारा कोल्हापुर पहुंची और किशोरी को बरामद किया गया।

बता दे कि नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव मिमलाना रोड से एक किशोरी का उस वक्त अपहरण कर लिया गया था जब वह स्कूल से घर लौट रही थी। यह मामला कोतवाली तक पहुंचा जहां पुलिस को जानकारी मिली कि इस मामले में दूसरे समुदाय के युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया है इसके बाद किशोरी की बरामदगी के लिए प्रदर्शन हुए और आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस संबंध में हिन्दू संगठन के लोग एसएसपी से मिले और लगातार प्रदर्शन चलता रहा। इतना हीं नहीं किशोरी की बरामदगी को लेकर महिलाओं ने भी हंगामा किया। एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और एसपी सिटी को इसकी कमान सौंपी जहां सत्यनारायण प्रजापत और सीओ सिटी सिद्धात के. मिश्रा ने एक-एक पहलुओं पर जांच की और अपहरता की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। कोल डिटेल के आधार पर भी लो. केशन ढूंढी गई इसके बाद ही पुलिस को यह जानकारी मिल पाई कि लडकी यहां से करीब 1800 किलोमीटर से अधिक दूरी पर कोल्हापुर में है कोतवाल द्वारा नौ पुलिसकर्मियों की एक टीम बनाई गई जहां टीम फ्लाई द्वारा महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पहुंची और दोनो को बरामद कर लिया।

# प्रतिभा खोज परीक्षा के माध्यम से छात्रों को नि:शुल्क करियर काउंसलिंग की सुविधा

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप अव्क्फ इंस्टीटड्र्शंस द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें उचित करियर मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आयोजित स्वामी विवेक. ानंद यंग टैलेंट हंट 2025-26 की प्रथम चरण की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में जनपद मुजफ्फरनगर के कुल 4456 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रथम चरण की परीक्षा मुजफ्फरनगर जनपद के मोरना, शुक्रताल, जव्क्ली, जटमुझेड़ा, कवाल, बेहड़ा सादात, भोक्करहेड़ी, नगला मंदौड़, जानसठ, खतौली, बहसूमा, हस्तिनापुर, रामराज और कुतुबपुर क्षेत्रों में आयोजित की गई। वहीं दूसरे चरण की परीक्षा आज से जनपद बिजनौर के छात्रों के लिए प्रारंभ हो गई है, जो 18 दिसंबर तक चलेगी। दोनों जनपदों से कुल 8687 छात्रों ने इस प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। भगवंत ग्रुप अव्क्फ इंस्टीटड्र्शंस के चेयरमैन डव्क अनिल सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के सर्वांगीण विकास और 12वीं के बाद करियर चयन में आने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु संस्थान द्वारा नि:शुल्क काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। परीक्षा के दौरान छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार पाठड्क्रम, फीस, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं बैंकिंग सुविधाओं की विस्तृत जानक. ारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को 21,000 रुपये, द्वितीय को 11,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5,100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 100 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए संस्थान द्वारा बस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। यह योजना पिछले कई वर्षों से निरंतर संचालित की जा रही है और इसका यह तीसरा चरण है।

## श्री खाटूश्याम का मन्दिर के लिए पेडियो का भूमि पूजन



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित नागा बाबा टिल्ला आश्रम में श्री खाटूश्याम के मन्दिर को लेकर सोमवार को संतों व भक्तों ने 21 पेडियों का विधिवत भूमि पूजन किया। संयोजक नागा बाबा टिल्ला आश्रम में प्रबंधक महन्त पदमगिरी महाराज के सानिध्य में सोमवार को पंडित विनित शास्त्री व हार्दिक शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचार के बीच मुख्य यज्ञमान चौरावाला के नीरज चहल और जितेंद्र रायल से मन्दिर के लिए 21 पैडियो के लिए भूमि पूजन कराकर नींव रखवाई। जिसको लेकर 21 फरवरी 2026 को विशाल कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश के कोने-कोने से संत समाज और अनुयाई भाग लेंगे तथा भजन सत्संग कीर्तन और भडारे आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जयदेव गिरी महाराज,रमनगिरी,बाबा सोमनाथ,रामगिरी, अनंत देव, पारसगिरी महाराज, अरविंद राय,रितिक, निखिल मोजूद रहें।

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, मुज़फ्फरनगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष के उत्सव की थीम भगवद् गीता की शिक्षाएँ रही, जिसने कार्यक्रम को आध्यात्मिकता, संस्कृति एवं जीवन-मूल्यों से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को अत्यंत मनमोहक, सृजनात्मक एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया, जो दर्शकों को पहली दृष्टि में ही मंत्रमुग्ध कर गया। विद्यालय की सभी कक्षाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम इतने भव्य, भावपूर्ण एवं प्रभावशाली रहे कि प्रत्येक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। नृत्य, नाट्य एवं गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गीता के कर्मयोग, धर्म, कर्तव्य और जीवन-दर्शन को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर तथा उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर नीलम राय वर्मा उपस्थित तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.ओ. नई मंडी राजू कुमार साव, अंकुर दुआ, सुदर्शन सिंह बेदी, सचिन बिंदल, अंकित बिंदल, अमित गर्ग, अमित चौधरी, कुश पुरी, सरदार सतपाल मान, अजय स्वरूप, डॉ सुधीर लूथरा, अभिषेक अग्रवाल, संजीव जैन, अनुराग गर्ग, प्रमोद त्यागी एडवोकेट, तेग बहादुर एडवोकेट, डॉ यश अग्रवाल, जयप्रकाश गोयल, अनु गोयल, श्रेय गोयल, मनीष कपूर , मती पल्लवी स्वरूप, डॉ ललिता महेश्वरी, मती अंजू अग्रवाल, मती साधना मेहता, सागर वत्स, रूपल मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ा दिया।

इस अवसर पर खेलकूद एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। विद्यालय प्रबंधक नवनीत भारद्वाज, ट्रस्ट के सचिव नरेश चंद वत्स, ट्रस्टी मंजरी सिंघल, ट्रस्टी सुमित कुमार रोहल, निर्देशिका मती चारू भारद्वाज, संयुक्त निर्देशक सुनंद सिंघल एवं प्रधानाचार्य के. जी. अरोड़ा ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग की सराहना की।

कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ के समर्पित कार्य की विशेष प्रशंसा की गई। साथ ही अतिथियों एवं अभिभावकों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई। समग्र रूप से माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल का यह वार्षिकोत्सव न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि शैक्षिक एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन की दृष्टि से भी अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा।

# अग्रोहा धाम अग्रवंशियों की धरोहर है: श्री गोपाल शरण गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** (प्रे. वि.) आज स्थानीय जानसठ रोड मीका विहार स्थित सुरेंद्र अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के निवास पर पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग नगर और जनपद से पधारे हुए अग्रवंशियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जी की कर्म भूमि अग्रवाल धाम सारी धरती पर बसे हुए अग्रवालों परिवारो की धरोहर है, जहां आज भी दृश्य और अदृश्य रूप से हमारे पितृ देवता विराजमान है इसलिए वह हमारे लिए देवभूमि भी है उसे देवभूमि में जो हमारी इष्ट देवी साक्षात लक्ष्मी ( अग्रोहा शक्ति पीठ) का विशाल मंदिर निर्माण हो रहा है और जन सुविधा के लिए अनेक प्रकार की सुविधा केन्द्रो की स्थापना हो रही है जहां अनेक प्रकार के विशाल एवं हवादार कमरे तथा स्वतंत्रता सेना. नियों की मूर्ति स्थापित है उसमें आर्थिक सहायता करना प्रत्येक अग्रवाल वंशियों का परम धर्म है इस बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र अग्रवाल ने की तथा संचालन टोनी बिंदल कोषाध्यक्ष ने किया। अपने संबोधन में श्री गोपाल शरण गर्ग ने देश-विदेश में बसे हुए सभी अग्रवंशियों को जोड़ने की अपील की और कहां किसी कारण से हमारे समाज में कोई त्रुटि अन्य रह गई हो तो उसे मिटाना भी हमारा परम धर्म है!

जैसे एक ईट और एक रुपया देकर अपने परिवारों को सबल बनाया है, पूर्वजों द्वारा दी गई इस विरासत को हम ग्रहण करते हैं अपने समाज को और शक्तिशाली बनाएंगे। उन्होंने अपने व्यक्त मे राजनीति सहभागिता की लोगों से अपील की। बैठक में सर्वश्री कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री विनोद संगल जिला अध्यक्ष के. के बंसल सुभाष गोयल बीएम गुप्ता एल.के मित्तल विशाल गर्ग पुष्पेंद्र अग्रवाल कृष्ण अग्रवाल उपेंद्र बंसल गौरव गोयल शिवचरण गर्ग प्रसून अग्रवाल राजीव अग्रवाल शि. वनारायण अग्रवाल अजय अग्रवाल एडवोकेट अजय सिंघल अंकित गोयल चंद्र बंसल (शामली) अश्वनी मित्तल आदि गणमानिय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित सभी सदस्यों का विना. ेद संगल जिला अध्यक्ष ने हृदय से आभार व्यक्त किया!



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र राहुल व पुत्रवधू ईशा का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के साथ बहुत ही क्रूरतापूर्ण व अभद्रतापूर्ण रहता है और राहुल व उसकी पत्नी ईशा मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व बदतमीजी करते है। राहुल व उसकी पत्नी ईशा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। राहुल व पुत्रवधू ईशा मेरे परिवार से अलग रह रहे है। मैने अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू ईशा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नरेश पुत्र बल्लू निवासी पुरानी आबादी सिसौली हाल निवासी ठाकुर के टावर के पास शाहबुद्दीनपुर रोड मुजफ्फरनगर थाना कोतवाली नगर जिला-मुजफ्फरनगर**

# तेहरवीं में मृत्यु भोजन देने की परंपरा से किया किनारा



**जानसठ।** क्षेत्र के गांव नेहटोर मे भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान के ताऊ के लड़के शरण सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था जिसकी 13वीं उनके निज आवास नेहटोर गांव में की गई जिसमें 13वीं पर मृत्यु भोज देने की परंपरा से उन्होंने किनारा किया और इस रस्म को तोड़कर केवल प्रसाद के रूप में हलवा वितरित किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के मंडल महासचिव मास्टर महकर सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान ने बताया, कि सौरम में सर्व खाप पंचायत हुई जिसमे भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकेत व खाप के द्वारा 10 बिंदु रखे गए थे जिसमें मृत्यु भोज भी एक था जिसमें कहा गया था कि यह प्रथा धीरे-धीरे गंभीर बीमारी का रूप ले रही है और लोग मृत्यु भोज के नाम पर तरह-तरह के व्यंजन परोस रहे हैं जो कि गलत है उन्होंने बताया कि आज सबसे पहले यज्ञ किया गया और आने वाले सभी सम्मानित लोगों को प्रसाद के रूप में केवल हलवा दिया गया मृत्यु भोज से किनारा किया गया आने जाने वाले लोगों ने भी इसकी सराहना की और कहा कि इस प्रथा को खत्म किया जाना ही बेहतर है तो व ही भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकट भी 13वीं में योगेश बालियांन के यहां शांतवना देने के लिए पहुंचे। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत,जिला अध्यक्ष नवीन राठी, अशोक घटाएंन,प्रमोद अहलावत भैंसी, ओम प्रकाश शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष पुंडीर,मंडल महासचिव मास्टर महकर सिंह,ब्लॉक उपाध्यक्ष धर्मवीर राठी, गांव अध्यक्ष नकुल राठी, नगर अध्यक्ष जानसठ सेंसर पाल सिंह, राजेंद्र बालियांन, युवा ब्लॉक अध्यक्ष खालिद गुर्जर, युवा तहसील अध्यक्ष भीम सिंह, सतबीर सिंह, सतबीर अमर सिंह, सतीश रॉयल, मुस्तकीम, अरविंद आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राहुल गांधी जी के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी केंद्र की सत्ता मे फिर करेगी वापसी : हरीश रावत

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी का रामलीला मैदान नई दिल्ली मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित वोट चोर गदी छोड़ कांग्रेस महारैली मे शामिल होने के बाद दिल्ली से देहरादून जाते हुए मुजफ्फरनगर बाईपास पाम पैराडाइज होटल पर कांग्रेस नेता राकेश पुंडीर रविंद्र बालियान मुकुल शर्मा नरेश भारती नीटू बालियान मुकेश ठाकुर कार्तिक बालियान श्याम सिंह पुंडीर योगेश राणा रामकुमार जोगिंदर प्रधान पवन राना आदि कांग्रेस जनो ने स्वागत किया इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ से कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैदान मे डटे रहो वह दिन दूर नही है जब कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जी के नेतृत्व मे फिर से केंद्र की सत्ता में वापसी करेगी

# पंचायत सचिवों ने किया वित्तीय कार्य बहिष्कार, एडीओ को सौंपें डांगल



**मोरना।** ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारियों के ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यो के अलावा अन्य विभागों के कार्यो का विरोध करने को लेकर चल रहे शांति पूवर्क धरने के 15 वें दिन मांगे नही माने जाने पर सचिवों ने वित्तीय कार्य बहिष्कार कर दिया है तथा अपने डांगल एडीओ पंचायत को सौंप दिये।

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर जिले के विकास खंड क्षेत्र में तैनात ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारियों के द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यो के अलावा अन्य विभागों के कार्यो का विरोध करने को लेकर एक दिसंबर से शांति पूवर्क धरना दिया जा रहा है। शासन-प्रशासन के द्वारा मांगे नही माने जाने पर नाराज सचिवों ने धरने के 15 वें दिन सोमवार को वित्तीय कार्य बहिष्कार कर दिया तथा हमारी मांगे पूरी करो की नारी बाजी करते हुए अपने डांगल ( डिजिटल हस्ताक्षर) एडीओ पंचायत योगेश्वर दत्त त्यागी को सौप दिए। जिससे गांव के विकास कार्य खंडजा, नाली निर्माण, सीसी रोड आदि कार्य नही हो सकेगें। धरने पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह, संजीव कुमार, योगेश धीमान, योगेश सहरावत, उपेंद्र, राजकुमार, प्रेम सिहं, प्रांजल, जित. ेंद्र, मोहित, नवीन मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 8373-28/8/2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया मेरे पुत्र का वास्तविक नाम मौहम्मद अर्श (MOHD ARSH) है।

पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गुल मौहम्मद पुत्र नाजिर**
निवासी- दधेड़ू खुर्द, जिला मुजफ्फरनगर।

**Information**

My Son (Abu Umama) His father's name is listed as Mohammad Shahnawaaz Qureshi in his school records and marksheet Whereas his father's real name is (Mohd Shahnawaz Qureshi) He will be known by these names in the future.

**Mohd Shahnawaz Qureshi S/0 Abu Umama, Town Khatauli, District Muzaffarnagar.**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट न0- 9050654 में त्रुटि से पत्नी का नाम मन्जु गलत दर्ज हो गया था जबकि मेरी पत्नी का सभी अभिलेखों में सही नाम अन्जू देवी है।

**कविन्द्र कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम घटायन उत्तरी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर**

# दो महिलाओं को जीप में बैठाने पर उग्र हुई भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस को उस समय बैरंग लौटना पड़ा जब फुगाना पुलिस ने जीप में दो महिलाओं को बैठा लिया और ग्रामीण उग्र हो गये। भाकियू कार्यकर्ताओं ने भी थाने के घेराव का ऐलान कर दिया। बाद में भाकियू नेता अनुज बालियान और फुगाना सीओ के बीच हुई बातचीत के बाद थाने का घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के गांव जोगिया खेड़ा में पिछले माह दो पक्षों में मामूली रुप से झगड़ा हो गया। जिसका फैसला गांव के कुछ गणमान्य लोगों ने करा भी दिया था लेकिन फुगाना पुलिस इस फैसले को मान नहीं रही थी और पुलिस ने आरा. ेप के मुताबिक आरोपी पक्ष से एक मोटी रकम लेकर बेकसूर पक्ष के सात पुत्रों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। इनमें से पुलिस ने एक नामजद आरोपी को जेल भी भेज दिया था और कुछ रुपये भी ले लिए थे। अब फुगाना पुलिस नामजद किए गये लोगों से और भी रुपये मांग रही थी।

जब नामजद लोग और रुपये देने से मना करने लगे तो आरोपों के मुता. बिक फुगाना पुलिस आज गांव जोगिया खेड़ा में पहुंची और नामजद आरोपियों के घर की दो महिलाओं को घर में घुसकर जबरदस्ती जीप में बैठा लिया और थाने ले जाने लगी। तब इसकी सूचना आक्रोशित ग्रामीणों ने भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान को दी तो उन्होंने सब भाकियू कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में फुगाना थाना पहुंचने को कहा। उधर भाकियू कार्यकर्ता गांव जोगिया खेड़ा भी पहुंच गये। जहां पर सैंकड़ों लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध करते हुए दोनों महिलाओं को जीप से उतारकर फुगाना थाना चलने की घोषणा की तो पुलिस के हाथ पांव फूल गये और पुलिस वहां से जैसे तैसे करके बैरंग लौट गयी। ग्रामीणों ने फुगाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि कैमरे में पुलिस को झगड़े के दौरान इस घर के तीन लोग मिले जबकि पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। झगड़ा घर के बाहर हुआ जबकि पुलिस ने घर के अंदर घुसकर झगड़ा करने की तहरीर लिखवाई। उधर सैंकड़ों आक्रोशित कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को भाकियू नेता अनुज बालियान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने शांत कर सीओ फुगाना से वार्ता कर धरना स्थगित करने की बात कही।

**क्या कहते हैं फुगाना एसओ....**

बुढाना। इस बारे में फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार का कहना था कि 307 का मामला दर्ज है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए गांव में गयी थी। हंगामे की सूचना और सभी आरोप गलत हैं।

## राजकीय इंटर कॉलेज कवाल में स्काउट एवं गाइड कैंप प्रशिक्षण शुरू

**मुजफ्फरनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज कवाल में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड कैंप प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कैंप का शुभारंभ झंडा आरोहण व झंडा गीत से हुआ।

स्काउट एंड गाइड मास्टर ट्रेनर कुमारी ज्योति व कुमारी साक्षी द्वारा संजय भटनागर के मार्गदर्शन में छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में छात्र–छात्राओं को स्काउट गाइड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने सभी को संबोधित किया तथा इस कैंप प्रशिक्षण में छात्र–छात्राओं को गंभीरता से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने अध्यापक को चाकू घोंपकर किया घायल

**मोरना।** मोरना –भोकरहेड़ी मार्ग पर बाइक द्वारा कॉलिंज से लौट रहे अध्यापक पर बाईक सवार तीन बदमाशों ने सरेआम जानलेवा हमला करते हुए चाकू से वार कर अध्यापक को घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर घायल अध्यापक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पीड़ित ने अज्ञात हमलावरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी स्थित इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक विज्ञान अथवा टीजीटी के पद पर तैनात अमित कुमार राणा सोमवार शाम कॉलेज से छुटी के बाद बाइक द्वारा मुजफ्फरनगर लौट रहे थे। जैसे ही वह मोरना मार्ग पर गांव छछरौली मे तालाब के पास पहुंचे तभी मोरना की ओर से आये बाइक सवार तीन नकाब पोश बदमाशों ने मार्ग अवरुद्ध कर अमित राणा पर चाकूओ से हमला कर दिया। एक बदमाश ने गोली मारने की धमकी भी दी। तभी राहगीरों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए।वहीं गर्म कपड़े पहने होने के कारण अध्यापक की जान बच गयी। अध्यापक अमित राणा पर हुए हमले के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची मोरना चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी कर घायल को उपचार के लिए भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवाया। घटना के बाद कॉलिज के प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी पूर्व चेयरमैन भोकरहेड़ी राज. ेश कुमार व कॉलिज स्टाफ ने इकठा होकर घटना पर भारी रोष प्रकट करते हुए पुलिस शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश मे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अध्यापक के साथ सरेराह हुई चाकू बाजी की घटना से मोरना –भोकरहेड़ी मार्ग पर दहशत फैल गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

# जंगल में दिखाई पड़ा तेन्दुआ, किसानों में दहशत



**भोपा।** गांव बेहडा थ्रू के जंगल मे तेंदुए की आहट से हड़कंप मच गया है। वन विभाग की टीम ने खेत मे पंजो के निशान को देखकर तेंदुए की पुष्टी की। जिसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने की मांग प्रशासन से की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी किसान सुशील रविवार की शाम अपने खेत पर गया था। जहां उसने नीलगाय के बच्चे को घायल अवस्था मे देखा। सोमवार की सुबह सुशील पुनरू खेत पर पहुंचा जहां उसने खेत मे जंगली जानवर के पंजो के निशान देखे किसान ने जंगल मे किसी जंगली जानवर होने की सूचना ग्रामीणों को दी जिसके बाद अनेक किसान जंगल मे पहुंच गये किसान नेता मोंटी राठी की सूचना पर वन विभाग के वन रक्षक दीपक कुमार, प्रमोद कुमार व कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम द्वारा तेंदुए के पंजे होने की पुष्टि की गयी है। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने की मांग प्रशासन से की है।

## खेत में गन्नों की चोरी से किसानों में हड़कंप

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक खेत में कटे पड़े गन्नों को चोरी करके अन्य गन्ना किसानों में हड़कंप मचा दिया। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से अज्ञात चोरों की शिनाख्त करने का काम शुरु कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव लुहसाना निवासी सोनू सैनी पुत्र सुक्का के खेत गांव लुहसाना के जंगलों में ही स्थित हैं। बीती रविवार के दिन उन्होंने अपने खेतों में खड़ा गन्ना काटकर उसको साफ़ करके पूली बनाकर खेतों में ही पडी पत्तियो से यह सोचकर ढक दिया कि गन्ना कल शुगर मिल में लेकर चले जाएंगे लेकिन जैसे ही सोनू रोजाना की भांति आज सोमवार की सुबह अपने खेतों में लेबर के साथ गन्ने की छुलाई करने आया तो खेतों में पड़ा हुआ उसका गन्ना खेत से गायब था। पहले तो सोनू तो अपने गन्ने को इधर उधर तलाश किया लेकिन जब गन्ना नहीं मिला तो उसने बुढ़ाना पुलिस को इसकी सूचना दी। गन्ना चोरी होने की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर आए और सोनू से घटना की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चौक किए। उधर दूसरी और पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात गन्ना चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## किशोरी को गायब कर पिता को धमका रहे आरोपी

**बुढ़ाना।** कुछ लोगों ने एक किशोरी को गायब कर रखा है। परेशान पिता ने अपनी पुत्री की बरामदगी की मांग बुढ़ाना पुलिस से की है। कोतवाली बुढ़ाना की परासोली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरी लगभग 17 साल की पुत्री को बीती 10 दिसम्बर की अर्ध रात्रि लगभग दो बजे बिना किसी जानकारी के मेरे घर से सुलेमान निवासी गांव गंगेरू थाना कांधला जिला शामली बहला फुसलाकर कही ले गया और गायब कर रखा है। मेरी पुत्री को गायब कराने में चन्द्रहास पुत्र संसार और संसार पुत्र कंवल निवासीगण ग्राम डांगरोल थाना कांधला जिला शामली का पूरा हाथ है। मेरी पुत्री को पूर्व नियोजित तरीके से गायब कर रखा है। मैंने अपनी पुत्री को काफी स्थानों पर तलाश किया तथा इन लोगों की भी खूब मिन्नतें की तो यह लोग मुझे यह कर रहे हैं कि अगर तुम पुलिस में जाकर कोई भी कानूनी कारवाई करोगे तो हम तुम्हे जान से मार देंगे। उसकी पुत्री को उक्त आरोपियों के साथ गांव के कई लोगों ने देखा है। उसने अपनी पुत्री को काफी तलाश कर लिया लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही और पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरो. पियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपी और किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

## पटेल जागृति सेवा समिति ने मनाई लौह पुरुष सरदार पटेल की पुण्यतिथि

**खतौली।** सोमवार को पटेल जागृति सेवा समिति द्वारा भारत रत्न लौह पुरुष



सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।समिति के संरक्षक सत्येंद्र आर्य ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के अधिकांश सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना था, लेकिन महात्मा गांधी के विशेष आग्रह पर उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए जवाहरलाल नेहरू के नाम पर सहमति दी। इसके बाद सरदार पटेल को देश का उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बनाया गया। गृह मंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने ही 562 रियासतों का भारत में सफल एकीकरण किया। जम्मू–कश्मीर रियासत के भारत में विलय की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी थी, लेकिन उस समय इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया, जिसके दुष्परिणाम देश आज तक झेल रहा है। कार्यक्रम में सुशील गुर्जर ने कहा कि सरदार पटेल किसानों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने खेड़ा और बारडोली किसान आंदोलनों का नेतृत्व कर अंग्रेजों को लगान माफी के लिए मजबूर किया और किसानों के अधिकारों की मजबूती से रक्षा की। महाराज सिंह अंतवाड़ा ने कहा कि सरदार पटेल उच्च विचारों वाले, न्यायप्रिय और ईमानदार नेता थे। उनके परिवार ने भी हमेशा ईमानदारी और भ्रष्टाचार–मुक्त जीवन की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में अमरेश गुर्जर, सुशील आर्य, मास्टर जयपाल सिंह, विनय कुमार, श्याम सिंह, विकास आर्य, लीलू गुर्जर, सोनू गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केके बढ़ाना ने की, जबकि संचालन कमल प्रवीण ने किया।

## पुरानी रंजिश को लेकर की गाली गलौज, मुकदमा दर्ज

**भोपा।** गांव कादीपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर पर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी प्रवीण उर्फ परविंदर ने बताया कि गांव का एक परिवार अकारण ही उसके परिवार से रंजिश रखता है कुछ दिन पूर्व दो सगे भाइयों हरेंद्र व सुरेंद्र ने बिना वजह ही घर पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बीते 12 दिसम्बर की रात आरोपी दीपक ने फिर से घर के सामने आकर गाली गलौज करनी शुरू कर दी।घटना पास लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गयी।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपी हरेंद्र सुरेंद्र व दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।खेत में कटे पड़े गन्ने अज्ञात चोरों ने किये चोरी।

# गौरक्षक ने आवारा बीमार पशु की जान बचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र में आवारा भूखे प्यासे चारे पानी की तलाश में घूम रहे पशुओं की कितनी दुर्गति हो रही है इसकी एक बानगी गांव गढ़ी सखावतपुर में देखने को मिली। बताया जाता है कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर में कई दिनों से एक आवारा बैल एक स्कूल के बाहर खुले आसमान के नीचे भयंकर सर्दी में पड़ा हुआ था।

वह पूरी तरह से बीमार था। किसी भी ग्रामीण ने इस पशु की टहल करनी उचित नहीं समझी लेकिन जब इस बात का पता आज सोमवार के दिन माधव गौशाला परासौली के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी को लगा तो वे अपनी टीम के साथ एक चौपहिया वाहन लेकर मौके पर जा पहुंचे और बीमार बैल को बड़ी मशक्कत से वाहन में लधवाया और उसको लेकर गौशाला आ गये। गौरक्षक छोटा सैनी ने सबसे पहले बीमार बैल की मरहम पटी की और उसके बाद उसको झूल पहनाकर गर्माहट दी और फिर चारा पानी दिया। कुछ ही देर बाद बीमार बैल जुगाली करने लगा। जिसको लेकर गौरक्षक बहुत ही खुश नजर आए। ग्रामीणों ने गौरक्षक छोटा सैनी और उसकी टीम के सभी सदस्यों की जमकर तारीफ की। उल्लेखनीय है कि गौरक्षक छोटा सैनी कई सालों से गायों की सेवा कर रहा है। उसने शादी ना करने का प्रण भी लिया हुआ है और अपना घर बार भी छोड़कर माधव गौशाला में ही गायों के बीच रहकर आधा सैंकड़ा गायों की सेवा कर रहा है।

# वक्त तो बढ़ा पर, अब पोर्टल नहीं कर रहा काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम ने एक पत्र लिखकर भेजा है।? जिसमें कहा गया है कि मैंने आपसे उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए समय बढ़ाने की रिक्वेस्ट की थी। जिसको आपके द्वारा स्वीकार कर लिया गया था लेकिन अब टैक्निकल दिक्कतों की वजह से पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ की सब संपत्तियों को पारदर्शी और सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए उम्मीद पोर्टल पर कुछ प्रतिशत ही संपत्तियां दर्ज हो सकी हैं। पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण इसका काम थम सा गया है। पत्र में पोर्टल की खामियों को जल्द ही दूर करने का आग्रह करते हुए कहा गया है कि संपत्तियों की जानकारी अपलोड करते समय कई बार सिस्टम क्रैश हो जाता है। जिससे डाटा दर्ज करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। यदि कोई एक से अधिक संपत्तियों का मुतवल्ली है तो उसे भी पंजीकरण में दिक्कत आ रही है। तकनीकी खामियां दूर किए बिना पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा तक सभी संपत्तियों का पंजीकरण पूरा करना संभव नहीं होगा। संबंधित तकनीकी टीम जल्द से जल्द पोर्टल की खामियां दूर करें ताकि प्रदेश की वक्फ संपत्तियों का सही ढंग से डिजिटलाइजेशन हो।



# वेदांता पब्लिक ने सुलेख व कबड्डी प्रतियोगिता में जीते मैडल

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा की छात्रा वैष्णवी राठौर ने सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में सीबीएसई मान्यता प्राप्त 25 स्कूलों के विद्यार्थियों को पीछे छोड़ तृतीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया, साथ ही सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित कबढी प्रतियोगिता जिसमें जिले के सीबीएसई मान्यता प्राप्त लगभग 20 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया इसमें वेदांता पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने छात्रा एवं पूरी कबढी टीम को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना भी अपने आप में विजयी होना है। प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी छात्र को बधाई दी,और आगे भी इसी तरह प्रत्येक प्रतियोगिताओं के लिए पूर्ण सजगता से तैयार रहने का और विजयी होने का आशीर्वाद भी दिया। कबढी प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक महोदय व प्रधानाचार्य ने बधाई देते हुए कहा कि हमें कभी भी प्रयास करना नहीं छोड़ना चाहिए्र विद्यालय के पीटीआई रितिक राठी व प्रिंस कुमार ने विद्यार्थियों को पूर्ण सलंग्नता से खेल के लिए तैयार किया (उनकी इस मेहनत की विद्यालय ने सराहना की। विद्यालय के छात्र अनमोल चौधरी ने प्रतियोगिता में प्राप्त किए गए अनुभव को अन्य छात्रों के साथ शेयर किया( और उन्हें भी प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा।

# धर्मनगरी में जैन पर्व का उल्लास, भक्ति और भव्यता के साथ निकली रथयात्रा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन धर्म के पावन पर्वों के अवसर पर धर्मनगरी खतौली में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आठवें तीर्थंकर श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान तथा 23वें तीर्थंकर श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के जन्मकल्याणक पर्व के उपलक्ष्य में नगर में भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। वहीं महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत तीन रथों की विशाल यात्रा ने पूरे नगर को धार्मिक रंग में रंग दिया।

दो दिवसीय महावीर जन्मकल्याणक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को भगवान महावीर स्वामी की रथयात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में गजरथ, घोड़ा रथ, सुसज्जित बैंड–बाजे, धार्मिक झांकियां, रणसिंघा वादन तथा मोर नृत्य जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रथयात्रा के अग्रिम पंक्ति में घोड़ों पर सजे–धजे बच्चे शोभायमान रहे। डीजे पर गूंजते भगवान महावीर स्वामी के भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा पेयजल एवं शीतल पेय की व्यवस्था की गई। जैन समाज के लोगों ने साधु–साध्वियों का अक्षत से स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजित धर्मसभा में साधु–साध्वियों ने भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए सादगी, अहिंसा, सत्य और संयम को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में महावीर स्वामी के सिद्धांत मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुकेश जैन एडवोकेट,



अनुराग जैन प्रधानाचार्य, मनोज जैन, अविरल जैन, मनीष जैन मुखिया, उपेंद्र जैन मुखिया, निशांत जैन, ध्रुव जैन, अंशुल जैन, पारस जैन, अपार जैन, आयुष जैन, पूजा जैन, समायरा, ऋषभ जैन, विपिन जैन पिंकू, जैन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार जैन, सिल्लो मुखिया, योगेश सर्राफ, प्रमोद जैन, सतेंद्र जैन, पवन जैन सहित सकल जैन समाज का विशेष योगदान रहा। रथयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। भारी पुलिस बल की तैनाती से आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन जैन समाज की एकता, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# एसडीएम से कब्रिस्तान से कूड़ा हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कब्रिस्तान से कूड़ा, करकट व बिटोडों को हटवाने की मांग एसडीएम से की गई है। मौहम्मद अब्दुल्ला पुत्र अब्दुल हलीम निवासी गांव उमरपुर ने बुढ़ाना एसडीएम को बताया कि उनके ग्राम में एक कब्रिस्तान है। कब्रिस्तान में ग्राम के दबंग लोगों ने अपने घरों का कूडा, करकट और उपलों के कई बिटोडे बना रखे हैं। जिस कारण उक्त कब्रिस्तान मे जबरदस्त गन्दगी हो रही है और अपने मृत लोगों के शवों को दफनाने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

उसने और गांव के अन्य संभ्रांत लोगों ने जब इन दबंगों से कब्रिस्तान से कूड़ा करकट व बिटोडों को हटाने के लिए कहा तो दबंग लोगों ने कूड़ा, करकट



और बिटोडों को उठाने से साफ इंकार कर दिया।

अब सभी ग्रामीण मिल जुलकर उक्त कब्रिस्तान की चार दीवारी करना चाहते हैं लेकिन अगर इसी तरह से रहा तो कब्रिस्तान की चाहर दीवारी करने मे कूडा, करकट और बिटोडों के बने रहने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और सही प्रकार से उक्त कब्रिस्तान की चारी दीवारी भी नही हो पाएगी। इसलिए कब्रिस्तान से दबंगों की कूडी, करकट, बिटोडों को हटवाया जाए। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से कहा है कि वे उमरपुर चौकी इंचार्ज को निर्देश देते हुए कब्रिस्तान से कूड़ा, करकट व बिटोडे हटवाकर सफाई करवा दें ताकि दबंग अड़चन पैदा ना कर सकें। एसडीएम ने हल्का लेखपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी व शाहनवाज कुरैशी भी रहे।

# रेशू मिले गुप्ता बंधु से, भेंट किया गुड़ : शक्कर

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के बहुमुखी विकास के लिए उ0 प्र0 सरकार की साथ 400 करोड़, 600 करोड के दो अनुबंधों को धरातल पर लाने के लिए सत्यप्रकाश रेशू लगातार लगनशील है। उसी लगनशीलता के कारण विश्व प्रसिद्ध अजय गुप्ता से लंबी वार्ता की। अपने दोनों प्रोजेक्टों को प्रस्तुत करते हुए मुज़फ्फरनगर की जनता का हित सर्वोपरि रखा। जो धीरे – धीरे पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करेगी।

सत्यप्रकाश रेशू व शोभित गर्ग विश्व प्रसिद्ध माइन किंग अजय गुप्ता से मिले। जिन्हें अपने 400 करोड़ व 600 करोड़ के प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये।

आशा है कि अजय गुप्ता शीघ्र ही अपनी टीम के साथ मुज़फ्फरनगर आये। ताकि अजय गुप्ता मुजफ्फरनगर के युवाओं को अपना विज़न बता सके। मोदी योगी की नीति के साथ काम करने वाले सत्यप्रकाश रेशू हर पल मुजफ्फरनगर की युवा शक्ति को विश्व महाशक्ति की साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे है। जिसके कारण शीघ्र ही मुजफ्फरनगर में एक बड़ा आयोजन किए जाने की तैयारी है। जिसमें गुप्ता बंधु की साथ कुछ जानी मानी हस्तियां भी उपस्थित होगी। युवा को आगे आने के लिए प्रेरित करने वाले अजय गुप्ता की साथ रेशू की देश व समाज हित के अन्य विषयों पर भी वार्ता हुई। जो धीरे – धीरे अपने स्वरूप धरातल पर दिखायेंगे। दिल्ली में आयोजित यह वार्ता लगभग 2 घंटे चली। जिसमें प्रमुखता से मुजफ्फरनगर के विकास के मुद्दे चर्चा में रहे। इस अवसर से मुज़फ्फरनगर के सभी निवासियों की ओर से गुड़ – शक्कर भी भेंट किया गया।



# श्रीराम कॉलेज में गैट टू गैदर

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबन्धन विभाग ़एमबीएऋ में गैट टू गैदर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने सांस्ख्रतिक प्रस्तुति के साथ–साथ शैक्षणिक नाटिका का भी आनन्द लिया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर डॉ अशोक कुमार निदेशक श्रीराम कॉलेज, डॉ प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डॉ सौरभ मित्तल उपप्राचार्य श्रीराम कॉलेज, डॉ आर पी सिंह डायरेक्टर रिसर्च श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज, डॉ गिरेन्द्र गोतम, निदेशक श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, डॉ मनोज धीमान निदेशक फाइन आर्ट, डॉ विनित शर्मा हैड आई क्यू एसी, डॉ पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय, डॉश्वेता राठी विभागाध्यक्ष होम सांइस, निशान्त राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लिकेशनऋ, डॉ ओम प्रकाश कुशवाह विभागाध्यक्ष पत्रकारिता विभाग, डॉ पूजा तोमर विभागाध्यक्ष बेसिक सांइस, प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष, बीपीईएस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमबीए के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, एकल गायन आदि कार्यक्रम पेश किये। कार्यक्रम में शामिल की गयी विशेष प्रस्तुति ने सबको मन्त्रमुग्ध कर दिया।बौद्धिक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों को पुरस्ख्रत भी किया गया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने छात्रों की प्रस्तुति की सहारना एवं सुव्यवस्थित ओर सफल आयोजन के लिए बधाई दी।इस अवसर पर डॉ सौरभ मित्तल, उपप्राचार्या ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए और पुराने विद्यार्थियों को एक दूसरे से रूबरू करने के साथ–साथ संस्थान और विभाग की उपलब्ध्यिों से अवगत कराना होता है।कार्यक्रम रैट्रो फियेस्टा 2025 का आयोजन मिस निवेदिता पाण्डेय के सानिध्य में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की अलग अलग कमैटी बनायी गयी। कमैटी में शामिल किये गये प्रत्येक विद्यार्थी ने अपने दायित्व का निर्वाहन बहुत ही उत्साह के साथ किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर प्रबन्धन विभाग के डा0 राजीव रावल, डा0 चित्रा श्रीवास्तव, डॉ सोमनाथ भटटाचार्य का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी ने बने रैन बसेरे में की गई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ठंड व शीत लहर के दृष्टिगत निराश्रित व्यक्तियों के हितार्थ तहसील सदर के अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित तथा अन्य जगहों पर बने रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने रैन बसेरे मे साफ– सफाई एवं शौचालय मे नियमित रूप से सफाई किये जाने के संबंधित अधिकारी को दिएनिर्देश।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि रैन बसेरों में कोई भी आगंतुक व निराश्रित जमीन पर न सोने पाए तत्काल फोल्डिंग, प्लंग व अन्य संसाधनों की व्यवस्था की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण में अगर कोई जमीन पर सोता मिलेगा, तो



संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कि जायेगी ।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़ती ठंड और शीत लहर में कोई भी व्यक्ति सड़कों पर सोता न दिखाई दे उनको तत्काल रैन बसेरों में भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने रैन बसेरों में आश्रय लिये हुए व्यक्तियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने रेलवे स्टेशन, रोडवेज, शेल्टर होम के बाहर अलाव जलाने के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित?

## हज़रत के इंतिकाल पर हुआ ताजयती प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित जामिया तुल इमाम जिया उल रहमान मदरसे में आलम ए दीन हज़रत मौलाना पीर फकीर जुल्फिकार अहमद रहमतुल्लाह अलैहि नक्शबंदी और मुफ्ती एजाज मुंगेर के इंतिक़ाल पर एक ताज़यती प्रोग्राम किया गया। जिसमें जामिया तुल इमाम जिया उल रहमान के मोहतमिम हज़रत मोलाना सेफुल्लाह मज़ाहरी ने गहरे रंज ओ गम का इज़हार करते हुए ताज़ियति मसनुना पेश की। मोसुफ ने आलम ए दीन हज़रत मौलाना पीर फकीर जुल्फिकार अहमद रहमतुल्लाह अलैहि नक्शबंदी और मुफ्ती एजाज मुंगेर के इंतिक़ाल को मिल्लत इस्लामिया के लिए ना क़ाबिल ए तलाफी और अज़ीम नुक़सान क़रार दिया। दोनों ही मरहूमों के लिए दुआएं मगफिरत और इसाल ए सवाब का एहतमाम किया गया और मजाहिरी मोसूफ ने फ़रमाया कि मरहूम दोर ए फितन में दीन के सच्चे तरजुमान और इस्लाहे उम्मत के मुखलिस दाई थे। इस मोक़े पर हज़रत मोलाना सेफुल्लाह मज़ाहरी, हज़रत क़ारी अब्दुल्लाह क़ासमी उमरपुरी, हज़रत क़ारी शाहनज़र, हज़रत हाफ़िज़ शब्बीर अहमद, हज़रत मोलाना मसीहुल्लाह और हज़रत हाफ़िज़ सुल. ेमान वगेरा मोजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टैंपो चालक की लापरवाही से हादसा, मां-बेटे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि सडकों पर दौड रहे अवैध टेंपों चालक की लापरवाही से मां-बेट की जान चली गई। टेंपों चालक ने तेज गति से लापरवाही दिखाते हुए एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे टेंपों एक भैंसी बग्गी में जा टकराया। टक्कर लगने से मां-बेटे उछलकर टेंपों से गिर पडे और सिर जमीन में लगने से मौके से पर ही मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलंदरशाह निवासी एक महिला गोलो अपने 7 वर्षीय बेटे माहिर के साथ किसी कार्य से कैराना गई थी।

बताया जाता है कि जब वह देर रात्रि टेंपों में सवार होकर वापस घर लौट रही थी तो शहर के कैराना रोड एक एक ऑर्चिड रेस्तरों के सामने टेंपों चालक ने लापरवाही दिखाते हुए आगे चल रहे एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। जिस चालक टेंपों एक भैंसा बग्गी में जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपों में भर रही सवारियां उछलकर सडक पर जा गिरी, जिसमें गोलो व उसके 7 वर्षीय बेटे माहिर के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर आसपास के लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। वही अन्य घायलों को उपचार के बाद छुटटी दे दी गई। परिजन दोनों मां बेटे के शवों को बिना किसी कानूनी कार्यवाही कि अपने साथ ले गए। सोमवार सवेरे गमगीन माहौल में दोनों के शवों को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया। मां बेटे की एक साथ हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बाजार में लगे अतिक्रमण पर नगर पंचायत का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत ने पुलिस के साथ नगर मुख्य बाजार में किए गए अस्थाई अतिक्रमण को बलपूर्वक हटवा दिया। इस बीच कई दुकानदारों से छुटपुट काहासुनी के बाद नगर पंचायत ने सामान जप्त भी किया।



नगर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण के चलते बाजार की चौडी सड़के संकरी गलियों में तब्दील हो गई है जिसके चलते आए दिन रास्ते से गुजरते लोगों से इन अतिक्रमण कार्यों की लोगों से झड़प भी होती रहती है। इसके बावजूद अतिक्रमण बदसतुर लगा रहता है।

गत कुछ दिनों पूर्व व्यापारी नेता विवेक गोयल के साथ भी अतिक्रमण को लेकर विवाद हो गया था जिस पर विवेक गोयल ने नगर पंचायत को लिखित शिकायत करते हुए अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी। मामले में नगर पंचायत द्वारा कई दिनों तक मूनादी कराकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया परंतु कोई कार्रवाई अमल में नहीं आई। इसके बाद चेतावनी के अनुसार नगर पंचायत कर्मचारी संजय डिमांरिया, वासिक अहमद, फेजन अहमद, मनीष शर्मा आदि ने सोमवार को पुलिस बल के साथ अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए नगर के घंटाघर चौक बाजार पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारी ने मौके पर लगे अतिक्रमण को हटवा दिया छुटपुट वाद विवाद के बीच अतिक्रमण को हटाया गया कुछ स्थानों पर नगर पंचायत ने सामान्य हटाए जाने पर कुछ सामान को जप्त कर लिया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि अन्य बाजारों में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण मिलने पर सामान जप्त कर लिया जाएगा इसके बावजूद भी अगर अतिक्रमण लगाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पिटबुल डॉग का आतंक: तीन वर्षीय मासूम पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पिटबुल डॉग ने घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय मासूम पर अचानक हमला कर दिया। हमले में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करते हुए एंटी-रेबीज टीकाकरण कराया गया। गांव डांगरोल निवासी नितिन का 3 वर्षीय बेटा नमन दोपहर के समय अपने घर के आंगन के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान परिवार के ही बाबा मदन के घर से निकले पिटबुल डॉग ने अचानक नमन पर झपट्टा मार दिया। कुत्ते के हमले से नमन के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं और वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पिटबुल डॉग को काबू में किया और मासूम को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना के



बाद परिजनों में दहशत का माहौल बन गया। घायल नमन की दादी मिथलेश और पिता नितिन कुमार उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बच्चे की हालत को देखते हुए आवश्यक उपचार किया और रेबीज से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर बताई जा रही हैगांव में पालतू खतरनाक नस्ल के कुत्तों को लेकर लोगों में चिंता और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कुत्तों पर नियंत्रण जरूरी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# नशे के खिलाफ युवाओं को किया जागरूक

**शामली।** क्षेत्र के गांव गोमतीपुर मजरा सिक्का में युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने, नशे के खिलाफ मुहिम चलाने तथा स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाभवन विधायक अशरफ अली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शाम विधायक अशरफ अली ने करते हुए युवाओं को संबोधित किया। उन्होने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने युवाओं की लाइब्रेरी स्थापना के लिए



विधायक निधि से अधिक से अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही नशे से दूर रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे। गांव के लोगों ने भी युवाओं की लाइब्रेरी के लिए अपना समर्थन जताते हुए स्वेच्छा से फंड एकत्र किया। कार्यक्रम का संचालन अमित कश्यप ने किया। इस अवसर पर अमित, शिवराज, सोनू, डॉ. अनुज, डॉ. विकास, आकाश, अंकित, जितेंद्र, विशाल, गुल्लू, अमर, दीपांशु, विपिन, धीरज सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




# मादक पदार्थों के खिलाफ किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के बढ़ते खतरे के बीच युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत सोमवार को थाना कैराना पुलिस ने लाला नर्सिंग इंटर कॉलेज में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पढ़ाई, परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। इस दौरान विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा और खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की गई। पुलिस ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ युवाओं को नशे की लत से बचाने के उपायों, नशा तस्करी के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई और नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। किसी भी नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया गया, साथ ही भरोसा दिलाया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ भी मौजूद रहे।

# गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम भूरा में महिला और बच्चों के साथ गाली-गलौच तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम भूरा निवासी यशपाल पुत्र बनारसी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 13 दिसंबर की शाम करीब सात बजे गांव का ही सन्नी पुत्र बिंदर गुर्जर उसके घर के बाहर आकर उसकी पत्नी और बच्चों के साथ गाली-गलौच करने लगा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी और उग्र हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

# लूट की योजना बनाते दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान लूट की योजना बना रहे 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिनके कब्जे से 2 अवैध चाकू व एक लोहे की रॉड़ बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण दानिश पुत्र कमरुद्दीन निवासी मौहल्ला नौकुआं रोड़ थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, किट्टू पुत्र विनोद निवासी मौहल्ला बरखण्डी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

# रोजगार मेले का आयोजन 17 को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी रोजगार मेला 17 दिसंबर को वी वी इण्टर कालेज, शामली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आई 7 कम्पनियां 400 से अधिक पदों हेतु चयनित करेंगी। खन्द्रावली रोजगार मेले में 83 हुए चयनित इससे पूर्व जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय शामली एवं बाबू जवान सिंह इण्टर कालेज, खन्द्रावली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को बाबू जवान सिंह इण्टर कालेज, खन्द्रावली के प्रांगण में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने प्रतिभाग करने वाली कंपनियों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अभ्यर्थियों को रोजगार से जुड़ी कंपनियों के प्लेसमेंट संबंधी संपूर्ण गतिविधियों व प्रक्रियाओं से परिचित कराया एवं करियर काउंसलिंग की। इसी क्रम में प्रधानाचार्य विकास कुमार चौहान ने विभिन्न स्थानों से आएं हुए अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक प्रतिभाग करने पर हर्ष प्रकट करते हुए रोजगार के उद्देश्य को उद्घाटित किया व करियर काउंसलिंग की। प्रधानाचार्य विकास कुमार चौहान व जिला सेवायोजन अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को आफर लैटर वितरण किया। सभी कम्पनियों ने अपनी टीम के साथ कम्पनी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले मे आर आर मैनपावर मैनेजमेंट सर्विस ने 19, एकेएस जाब्स प्लेसमेंट ने 16, होली हर्ब्स 17, एवं आर एस टी ग्रुप आफ सर्विस द्वारा 31 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 83 अभ्यर्थियो को चयनित किया गया। प्रधानाचार्य विकास कुमार चौहान एवं जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार द्वारा रोजगार मेले में चयनित हुए अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। रोजगार मेलें में आशुतोष, उन्नति फाउंडेशन से विक्रम कुमार का सहयोग रहा। आगामी रोजगार मेला हेतु में अभ्यर्थी अपनी योग्यता के प्रमाण-पत्र व तीन बायोडाटा लेकर आएं।

# वांछित की तलाश में पहुंची गुजरात पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को गुजरात पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुडाना में वांछित बदमाश की तलाश में दबिश दी। गुजरात पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश अभियान




चलाया, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड में नही आ सका। सोमवार को गुजराज के सूरत से पुलिस की एक टीम एसआई गौरक कुकेडिया के नेतृत्व में शामली पहुंची। जहां उन्होने शामली कोतवाली में अपनी अमद दर्ज कराते हुए वर्ष 2018 में हुई लूट की घटना में पकडे गए गांव कुडाना निवासी एक बदमाश के घर पर दबिश दी। पुलिस ने बदमाश को पकडने के लिए कई घरां में दबिश की, लेकिन बदमाश पुलिस के हाथ नही चढ सका। जिसके बाद टीम वापस लौट गई। गुजरात पुलिस ने बताया कि वांछित बदमाश जेल से रिहा होने के बाद से फरार चल रहा है। जिसको पकडने के लिए आए थे। इसके अलावा भी कई अन्य वांछित बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# अल्ट्रासाउंड संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने अल्ट्रासाउंड सेंटर में पार्टनरशिप के नाम पर दिए गए रूपए डॉक्टर द्वारा वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी रज्जाऊला ने बताया कि उसके साले फैजान ने डॉक्टर कासिम नामक व्यक्ति को अल्ट्रासाउंड सेंटर में पार्टनरशिप करने के नाम पर तीन लाख रूपए दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि कई माह बाद आरोपी डॉक्टर अपना अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद कर फरार हो गया। जब पीड़ित के साले ने अपने रूपयों की मांग की तो आरोपी ने गाली,गलौज करने लगा।और रूपए देने से मना कर दिया। दोबारा रूपए मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दुष्कर्म की घटना में फरार चल रहे अभियुक्त के घर की कुर्की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ कैराना पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए उसके घर का सामान कुर्क किया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई।

कैराना क्षेत्र में गत 14 सितंबर वर्ष 2025 को एक युवती ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए कैराना कोतवाली पर एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसकी शादी कांधला निवासी के साथ हुई थी। पति से विवाद के चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

उसके पति ने उसे बात करने के बहाने से पानीपत रॉड पर स्थित एक होटल पर बुलाया था। जहां पर मौजूद उसके दोस्त नदीम ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना के संबंध में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विवेचना को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाया। प्रकरण में नामजद आरोपी नदीम पुत्र अलमू, निवासी मोहल्ला ईदरिश बेगविहार, थाना कांधला, घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार स्थान बदलकर कानून से बचता रहा।आरोपी के लंबे समय से फरार रहने पर न्यायालय से विधिसम्मत आदेश प्राप्त कर कैराना पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। आदेश के तहत पुलिस टीम ने आरोपी के आवास पर पहुंचकर घर में मौजूद सामान को विधिवत कुर्क किया और उसे थाना परिसर में सुरक्षित रखवाया।

पुलिस का कहना है कि कुर्की की यह कार्रवाई आरोपी पर कानून का दबाव बनाने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वह शीघ्र आत्मसमर्पण करे या उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके। कैराना पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### धमकी में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव पान्थूपूरा निवासी धर्म सिंह ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार गत शुक्रवार की देर शाम गांव के शेर सिंह, कुलजीत तथा धीर सिंह ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पत्नी ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आई बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल की पत्नी ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ थाना भवन थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।क्षेत्र के गांव मोरमाजरा निवासी पीड़िता नेहा पत्नी अरविंद कुमार ने थाना भवन थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके पति अरविंद कुमार पुत्र लक्ष्मीचंद गत 7 दिसंबर को अपनी मोटरसाइकिल से घर से थाना भवन जा रहे थे। दोपहर लगभग 1:30 बजे जैसे ही वे लतीफगढ़ चौक स्थित बूढ़ा बाबू पार्क के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने गलत साइड में आकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अरविंद कुमार की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद घायल को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।पीड़िता ने बताया कि उनके पति को सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनके सिर का ऑपरेशन किया गया है। फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह अब तक बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं।पीड़िता ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना भवन पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### बिना परमिट के टेंपो धड़ल्ले से दौड़ रहे

**शामली।** शामली शहर की सडकों पर बिना परमिट के टेंपों धडल्ले से दौड रहे है। नाबालिंग बच्चों व नौसिखिए लोगों द्वारा टेंपों का संचालन किए जाने से आए दिन हाससे हो रहे है। अभी टेंपों चालक किसी वाहन में टक्कर मार देते है तो कभी तेज रफ्तार के कारण नियंत्रण खोने से पलट देते है। यही नही मात्र तीन शीटर टेंपों में क्षमता से अधिक आठ से 10 सवारियां भरकर दौडाया जा रहा है। जिससे सवारियों की जान को खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि टेंपों चालक अवैध रूप से बिना लाईसेंस व बिना प्रशिक्षण के हाईवों पर टेंपों दौडा रहा है। आए दिन टैंपों से हादसे हो रहे है, लेकिन जिला प्रशासन या परिवहन विभाग कोई कार्यवाही करने को तैयार नही है। उन्होने सडकों पर दौडने वाले टेंपों का रूट निर्धारित कर उनको प्रशिक्षण दिलाने की मांग की।

# मिशन शक्ति फेस 5.0: हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार को मिशन शक्ति फेस. 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्तिध्एंटी रोमियो टीम द्वारा जूनियर हाई स्कूल, ग्राम हिंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिक. ाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल नीतू तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल राहुल तोमर ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को दंड से न्याय की



ओरह्न विषय के अंतर्गत नए आपरा. धिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 108 (एंबुलेंस सेवा) शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील की।

# दो कारों से भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले चार व्यक्तियों को दो कारों मे भारी मात्रा मे अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



मिली जानकारी के मुताबिक एसपी देहात सागर जैन ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि सोमवार सुबह स्थानीय पुलिस को सूचना मिली की मुजफ्फरनगर की ओर से होंडा सिटी एवं मारुति फाँन्स में हरियाणा मार्का की अवैध शराब की पेटियां भरकर लाई जा रही है जो थाना क्षेत्र के गांव पांडोली की ओर से जायेगी। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी राजकुमार चौहान अपनी टीम के साथ पांडोली रेलवे अंडरपास के निकट छिपकर खड़े हो गए। जैसे ही दोनों कार निकट आई तो घेराबंदी करते हुए कारों को अपने कब्जे में ले लिया। कारों में सवार चारों युवकों को पुलिस ने नीचे उतारकर कार की तलाशी ली तो उसमें से करीब एक सौ पेटी शराब मिली। पुछताछ करने पर युवको ने अपने नाम वरुण पुत्र मनोज निवासी बांद थाना इसराना पानीपत, गौतम पुत्र राकेश निवासी ओल्ड नागल दिल्ली कैंट, संदीप पुत्र बिजेंद्र निवासी खेरावड़ थाना भवानी खेड़ा भिवानी एवं विकास पुत्र सुदेश निवासी रिठान थाना सदर जिला रोहतक बताया। जिन्होंने बताया कि उन्होंने यह शराब हरियाणा से 25 रुपये प्रति पव्वा खरीदा है ओर वह शराब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में भारी मुनाफे पर बेचते हैं। एसपी देहात एवं आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार के अनुसार पकड़ी गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपये है। चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय पेश कर दिया है।

# नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई



**चिलकाना।** नशा मुक्ति अभियान ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत सीओ सदर प्रिया यादव की मौजूदगी में क्षेत्र के ग्राम दुमझेड़ा में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान सीओ द्वारा ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

सोमवार को आयोजित चौपाल में सीओ प्रिया यादव ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान, परिवार तथा समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव व अपराध में वृद्धि जैसे गंभीर परिणामों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे का कारोबार करके समाज को नशे की ओर धकेलते हुए खोखला करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करना तथा समाज को नशामुक्त करके सुरक्षित बनाना है।

इस दौरान सीओ ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि यदि आस पास कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थो की तस्करी करता हुआ दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंन्त पुलिस को देकर ऑपरेशन सवेरा को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की तथा नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान नदीम चौधरी, थाना उपनिरीक्षक नरेन्द्र सोलंकी, आरक्षी अमित तोमर, सौरव चौधरी, विशाल बाबू सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति एवं सैंकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

# ठगी की रकम वापस दिलाई

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने एक बार फिर सराहनीय कार्य करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित को 25 हजार रुपये की धनरा. शि वापस दिलाई। पीड़ित ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

कस्बा छुटमलपुर निवासी दीवान सिंह पुत्र जीत सिंह के खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड कर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्रवाई की। उप निरीक्षक सजल कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम तथा हेड कांस्टेबल भूपेंद्र मान ने संबंधित बैंक से संपर्क कर 14 दिसंबर 2025 को ठगी गई राशि में से 17 हजार रुपये होल्ड कराए। इसी क्रम में निरंतर प्रयासों से सोमवार को ठगी गई कुल 50 हजार रुपये में से 25 हजार रुपये पीड़ित दीवान सिंह के खाते में वापस ट्रांसफर करा दिए गए।

# लकड़ी व्यापारी की कार पर बदमाशों की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एक लकड़ी व्यापारी की कार पर बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि घटना के समय व्यापारी कार में मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।



घटना कोतवाली बेहट इलाके के गांव मांझीपुर की है। रविवार की देर रात लकड़ी व्यापारी आदित्य सिंह उर्फ आदि पुत्र बृजपाल अपने दोस्त के साथ अपनी कार से गांव के पास ही निर्माणाधीन कांटे पर गया था। आरोप है कि जब वह गाड़ी से उतरकर कांटे पर गया तो इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उसकी कार पर फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर वे अंधेरे में दुबक गए और बदमाशों के जाने के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीड़ित व्यापारी आदित्य कुमार ने बताया कि वह पड़ोसी राज्य हरियाणा के यमुनानगर में लकड़ी का आढ़ती है और पूर्व में उसके मोबाइल पर 24, 25 और 26 नवंबर 2025 को एक कॉल आई और कॉलर ने अपना नाम नोनी राणा बताया और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी और ना देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद पीड़ित ने एसएसपी सहारनपुर को शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा किए जाने की मांग की थी। एसएसपी के आद. `श पर कोतवाली बेहट में घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था और तब से अब तक पुलिस केवल जांच की बात कर रही है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाला शातिर 12 घंटे में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक बार फिर मुस्तैदी दिखाते हुए एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले वांछित अभियुक्त को महज 12 घंटे के अंदर धर दबोचा गिरफ्तार आरोपी की पहचान अश्वनी चौहान उर्फ काका, पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल, निवासी मोहल्ला लक्ष्मीनगर गलीरा चौक, थाना सदर बाजार, सहारनपुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 14 दिसंबर को पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 15,000 रुपये निकाल लिए। इस पर मुकदमा संख्या 376/25 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मशकूर अली, हेड कांस्टेबल रोहित राणा हेड कांस्टेबल सुनील कुमार व कांस्टेबल कुलदीप कुमार की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने रूड़की रोड से आरोपी को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 4 एटीएम कार्ड व 8,000 रुपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2)/317(3) बीएनएस बढ़ाई गई। पूछताछ में आरोपी ने ठगी की वारदात कबूल की। उसका अपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें सहारनपुर व मुजफ्फरनगर में ठगी व चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरा. `पी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में एटीएम ठगी करने वाले गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

# पत्नी को तीन तलाक देने पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना और ट्रिपल तलाक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरदाहेड़ी गांव निवासी आईशा (उम्र करीब 20-25 वर्ष) ने अपने पति बशारत और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आईशा की शिकायत के अनुसार, उसका निकाह 13 अप्रैल 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हलवाना गांव निवासी बशारत से हुआ था। पिता ने भरपूर दान-दहेज दिया, लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए पति बशारत, ससुर इनाम, सास शायरा, देवर अहमद ननद तैय्यबा व रानी ने दहेज में अधिक रुपये लाने के लिए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। परिवार ने एक बार समझौता कराया, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। अगस्त महीने से प्रताड़ना बढ़ी और सभी ने मिलकर आईशा को घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके में रहने लगी।

14 दिसंबर 2025 को समझौते के लिए छुटमलपुर बुलाया गया। आईशा अपने पिता सलीम, माता फातमा, भाई तनवीर व शमशीर के साथ पहुंची तो ससुराल पक्ष ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में आईशा और उसकी मां के कपड़े फट गए। गुस्से में पति बशारत ने परिवार के सामने तीन बार तलाक कह दिया। इसके अलावा छुटमलपुर निवासी आदिल (पुत्र कालू) ने भी आईशा के साथ मारपीट की और कपड़े फाड़े। पुलिस ने आईशा की शिकायत पर थ्प्त नंबर 0379/2025 दर्ज की है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 115(2), 352, 76, 85, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 तथा मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार सुरक्षा) अधिनियम 2019 की धारा 3 व 4 लगाई गई हैं। पुलिस जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

❑**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। नगर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक जोगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान दो वारंटी आरोपियों सुरजीत पुत्र प्रीतम सिंह निवासी नंद विहार कालोनी नुमाईश कैम्प नगर कोतवाली को मौहल्ला नंद विहार से व रिम्पी उर्फ अजय पुत्र कश्मीरा सिंह निवासी गढ़ी मलूक को मौहल्ला गढ़ी मलूक से गिरफ्तार कर लिया।

# दोनों पक्षों के 9 लोगों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जमीनी विवाद को लेकर हुए संघर्ष के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पकड़े गए 9 लोगों का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

दरअसल, कोतवाली बेहट इलाके के गांव झींवरहेड़ी में जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। संघर्ष में जमकर लाठी डंडे और ईंट पत्थर चले थे और महिलाओं व बच्चों सहित 20- 25 लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया था और दोनों पक्षों के करीब 9 लोगों को हिरासत में लिया था। सोमवार को कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि पुलिस ने रामकुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम झीवारेडी पठानपुरा थाना बेहट की तहरीर के आधार पर काला पुत्र मेहन्द्र, अजय पुत्र सोहनलाल, सुमित पुत्र सुरेश, अंकित पुत्र जनेश्वर तथा कई अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर हमला करने, गाली गलौच करने और मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि दूसरे पक्ष की ओर से यशपाल पुत्र महेन्द्र ने ओम कुमार, रामकुमार, रामधन पुत्र महेन्द्र, सुशील पुत्र जगदीश, कुलदीप पुत्र बनारसी सन्दीप पुत्र बनारसी, कर्ण व अर्जुन पुत्रगण रामसिंह, विकास पुत्र रामधन तथा जगदीश पुत्र चूहड़ा समस्त निवासीगण ग्राम झीवारेडी पठानपुरा के खिलाफ गाली गलौच करने और मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए 9 लोगों का चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया। अन्य लोगो को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और माहौल खराब करने वालो से सख्ती के साथ निपटा जाएगा।

# भारी सुरक्षा के बीच निकाला जुलूस ए जुब्बा शरीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सैकड़ों वर्ष पुरानी परम्परा जुब्बा शरीफ जलूस के विवाद को प्रशाशन ने सुलझाया। प्रशाशन द्वारा सशर्त दी गई अनुमति के आधार पर सोमवार को भारी सुरक्षा बल की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जलूस में हजारों श्रद्धालु और अधिकारी मौजूद रहे।



दो पक्षों मे विवाद के चलते गत वर्ष जुब्बा की रस्म अदा नही हो सकी थी। इस वर्ष भी दोनों पक्षों मे विवाद बरकरार रहा। लेकिन वक्फ बोर्ड से एक पक्ष को जुब्बा निकालने की अनुमति मिल गई तथा मामला स्थानीय प्रशासन पर आकर अटक गया। एडीएम ई संतोष बहादुर सिंह, एसपी देहात सागर जैन, एसडीएम सुरेंद्र कुमार, सीओ अशोक कुमार, एलआइयू इंस्पेक्टर रामप्यारी, कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने दोनों पक्षों से कई बार वार्ता की तथा दोनों के कागजात भी देखे। रविवार को आखिरकार प्रशासन ने एक पक्ष को सशर्त जुब्बा निकालने की अनुम. ति दे दी। अनुमति मिलने के बाद सोमवार को जुब्बा की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मरहूम शाह कुरैश मियां के मकान से हुई, जहां कलियर शरीफ के सज्जादा नशीन शाह अली मंजर ऐजाज साबरी ने हजरत कुतबे आलम की वह गुदड़ी पहनी जो उन्होंने 40 बरस तक लगातार पहनी थी। इस गुदड़ी में हर साल एक टुक्की लगाई जाती है। हजरत की तस्बी व दस्तार को भी उन्होंने धारण किया। यहीं से सज्जादा नशीन को एक वाहन बस पर सवार किया गया। इसके बाद हजारों लोगों के हजूम व ढोल नगाड़ों के साथ जलूस रवाना हुआ। वाहन आगे बढ़ता गया और श्रद्धालु नतमस्तक होते गये। जुब्बा शरीफ के जलूस में सबसे आगे विभिन्न स्थानों से आए कव्वाल हजरत की शान में कव्वालियां गाते चल रहे थे। फकीर व दर्वेश भारी संख्या में मौजूद रहे। धीरे धीरे जलूस आगे बढ़ते हुए शेख अबू सईद के मजार तक पहुंचाए यहां विश्व कल्याण के लिए दुआ की गई। दुआ के बाद यहीं से जलूस की वापसी हो गई। जलूस में सज्जादा नशीन महताब आलम, पूर्व चेयरमैन नोमान मसूद, शादाब जहां, सलीम फरीदी, कलीम फरीदी, ख्वाजा सुहेल, आसिफ कुद्दुसी, शादाब साबरी, यावर मियां, राशिद मलिक, हिशाम कुद्दूसी आदि ने भी शिरकत की।

# डिप्टी लेबर कमिश्नर का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी लेबर कमिशनर शमीम अख्तर अंसारी के सहारनपुर आगमन पर तालीमी बेदारी संस्था की ओर से भव्य स्वागत किया गया। संस्था के मंडल प्रभारी ने अपने सहयोगियों के साथ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

डिप्टी लेबर कमिशनर शमीम अख्तर अंसारी सरकारी कार्यों के निरीक्षण के उद्देश्य से मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपदों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में सहारनपुर पहुंचने पर संस्था से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महताब अली, फैसल, बाबर महताब, अहमद मलिक, अमान अली, आफताब अली, नवाजिश, सलमान मौजूद रहे।

# कुरआन हाफिजों की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव दुमझेडा स्थित मदरसा अरबिया दावत उल इस्लाम में 19 वें सालाना इजलास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरआन हाफिज करने वाले बच्चो की दस्तारबंदी की गई।

जलसे को खिताब करते हुए हजरत मौलाना मुफ्ती अफ्फान शैखुल हदीस जामा मस्जिद अमरोहा ने फरमाया कि कुरआन इंसान को सही राह दिखाता है। इसके अलावा हजरत मौलाना मुशर्रफ नवाजपुरी ने नशे के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए समाज से इस बुराई को खत्म करने की अपील की। इस मौके पर सात बच्चों हाफिज अब्दुल आहद, हाफिज आमिर, हाफिज जुनैद, हाफिज मुहम्मद हारिश, हाफिज अराफात लुधियाना, हाफिज उवैश एवं हाफिज अराफात की दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना खलील अहमद व मौलाना मुहम्मद मुजम्मिल द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। कार्यक्रम में नात ए नबी अजीज हमजा बिजनौरी तथा तिलावत कारी अब्दुल वहाब ने की। इस दौरान मुफ्ती जैद मजाहिरी ने सभी का आभार प्रकट किया।

# 21 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नशे के अंधेरे से समाज को उजाले की ओर ले जाने के संकल्प को साकार करते हुए नकुड पुलिस ने एक बार फिर अवैध नशा तस्करी पर लगाम लगायीं है।

डीआईजी अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन और एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशों पर चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत थाना नकुड़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नकुड क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह की टीम उपनि. रीक्षक नीरज कुमार ने चेकिंग के दौरान नकुड रोड पर ग्राम छुछकपुर बस स्टैंड के पास नशा तस्कर हिमांशू उर्फ माटू निवासी घाटमपुर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से 21 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आंकी जा रही है। बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में तस्कर का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जो पुलिस की इस कार्रवाई की सतर्कता को दर्शाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। नकुड पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति अब और तेज हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह की सक्रिय और अनुशासित कार्यशैली ने साबित कर दिया कि मजबूत नेतृत्व में अपराधियों के लिए कोई बचाव की गुंजाइश नहीं बचती। ऑपरेशन सवेरा अब समाज को नशामुक्त, सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य प्रदान करने का एक सशक्त अभियान बन चुका है। पुलिस की इस मुहिम से युवाओं को नशे के जाल से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

# ध्वजारोहण के साथ स्काउट गाइड शिविर शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के नव जनोदय इंटर कॉलेज में तीन दिन तक चलने वाले स्काउट शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया।

सोमवार को स्काउट एंड गाइड शिविर की शुरूआत हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला संगठन कमिश्नर अंकित कुमार शर्मा, मंडल संगठन कमिश्नर दिनेश कुमार गौतम तथा स्काउट शिक्षक सोनू धीमान, डिंपल द्वारा स्काउट ध्वज फहराया जाने के साथ हुआ।

अंकित शर्मा ने बच्चों को स्काउट के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट के माध्यम से बच्चे समाज सेवा तथा किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय अपना सहयोग कर सकते हैं।

पहले दिन स्काउट बच्चों को कलर पार्टी, सेल्यूट की जानकारी, हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की गांठ बांधना, क्लिपिंग करना, टोली का निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा तथा स्ट्रेचर आदि की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि स्काउट का अर्थ अनुशासन है। सभी स्काउट एंड गाइड को अनुशासन एवं समय को ध्यान में रखना चाहिए।

# बस चालक के साथ लूट की घटना निकली झूठी

**नागल।** रविवार शाम थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर मोहनपुर में बस चालक के साथ दो युवकों द्वारा तमंचा दिखाकर नगदी, मोबाइल व बस की चाबी लूटने की घटना का पर्दाफाश कर लूट की झूठी कहानी गढने वाले बस चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बस चालक सरबजीत सिंह पुत्र संतोक सिंह निवासी बंजार बाग थाना सदर होशियारपुर ने बताया था कि रविवार को चंडीगढ़ से सवारी लेकर मीरपुर मोहनपुर निवासी नवीन के यहां आया था। शाम के समय जब वह लघुशंका के लिए गांव से बाहर आया तो बदमाशों ने तंमचों की नोंक पर नकदी आदि सामान लूट लिया। उसके द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण व पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस घटना को संदिग्ध मान कर

सरबजीत को थाने लायी और पूछताछ करते हुए बस मालिक को भी सूचना दे दी थी। पूछताछ में बस चालक ने झूठी कहानी बताते हुए पुलिस को गुमराह किया जबकि उसकी निशानदेही पर बस से पुलिस ने चौदह हजार एक सौ रुपये की नगदी एवं कूड़े में फेके गए मोबाइल व बस एक की चाबी बरामद कर ली बस मालिक सगीर अहमद निवासी माडीवाला थाना टाउन मनी माजरा की तहरीर पर पुलिस ने सरबजीत सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय पेश किया है उसका पहले से भी पंजाब में दो मुकदमे दर्ज है।

# महिलाओं व छात्राओं को दी गई कानूनों व हैल्पलाईन नम्बर की जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार को ग्राम ननका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ।

एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम की सदस्य महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर, हेड कांस्टेबल बबीता तथा होमगार्ड सुमित ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। इन कानूनों की प्रक्रिया और प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया।

कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, बाल मजदूरी पर रोक तथा गुड टच-बैड टच के बारे में जागरूकता फैलाई गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल और संदिग्ध लिंक के खतरों पर चर्चा की गई तथा सतर्क रहने की सलाह दी गई। थाना फतेहपुर पुलिस ने इसे सफलतापूर्वक आयोजित कर स्थानीय महिलाओं व बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया।

बेहट। पुलिस अधीक्षक यातायात एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम के प्रभारी एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक मनोरमा चौधरी महिला कांस्टेबल रूबी, कांस्टेबल सचिन, कांस्टेबल लीलाधर द्वारा प्राईमरी स्कूल गांव क्लासिया में छात्र छात्राओं को व ग्राम जसमोर में महिलाओं को व मेन बाजार नजर बेहट, में आने जाने वाली बालिकाओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया गया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे विस्तार से बताया गया । इस के अलावा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे मे जानकारी दी गई, उनकी समस्याएं को पूछी गयी पम्पलेट वितरित किए गए।

# धूमधाम से मनाया मानव कल्याण मंच का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मानव कल्याण मंच का 30वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गरीब और जरूरतमंद लोगों का विभिन्न माध्यम से सहयोग किया गया और वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। रविवार रात रणखंडी रोड स्थित बैंक्वेट हाल में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन मेपल्स एकेडमी के चेयरमैन अजय मित्तल ने किया और कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। मानव कल्याण मंच इस पुनीत कार्य को बखूबी करता चला आ रहा है। पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि मानव सेवा किसी एक वर्ग या व्यक्ति तक सीमित नहीं बल्कि यह समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुं. चने का संकल्प है। डा. अनुज गोयल व डा. डीके जैन ने कहा कि सेवा कार्यों का बड़ा महत्व है और मंच निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के मार्ग पर अग्रसर है। मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल, सभासद मनोज सिंघल, प्रदीप अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी आदि ने भी विचार रखें। इस दौरान नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत दिव्यांग को बैसाखी, निशक्त लोगों को श्रवण यंत्र, जरुरतमंद व्यक्ति को आजी. विका के लिए ठेला, उच्च प्राथमिक विद्यालय मकबरा में छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए दो सिलाई मशीन, निर्धनों को रजाई व कंबल, श्री कृष्ण गौशाला को चोकर बोरी, अति निर्धन परिवारों को खाद्यान्न, संस्कृत पाठशाला को गेहूं बोरी और स्कूली बच्चों को जर्सी वितरित की गई। इस मौके पर डा. कांता त्यागी, शशि गुगलानी, प्रतिभा जैन, अमित गोयल, सतीश जैन, सुभाष मित्तल, सतीश गर्ग, विकास जैन, सतीश गिरधर, देवीदयाल शर्मा व सलीम कुरैशी आदि शामिल रहे।






# शिक्षा विशेषज्ञों ने दी छात्र-छात्राओं को करियर विकल्पों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में सोमवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को करियर विकल्पों की जानकारी दी।

शोभित यूनिवर्सिटी मेरठ से आए करियर काउंसलर अजय वर्मा ने विज्ञान, वाणिज्य, कला, तकनीकी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रोफेशनल कोर्सेज तथा रोजगार के नए अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कक्षा नौ से 12 तक के छात्र छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता एवं योग्यता के अनुसार सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा वाले युग में सही समय पर उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक बताया।



# वक्ताओं ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप आफ कॉलेज में लेक्चरर ड्रीम, ड्राइव एंड डिटर्मिनेशन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने छात्रों को दृढ़ संकल्प बनाये रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस्लामिया ग्रुप आफ कॉलेज प्रांगण में हुए कार्यक्रम में एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए, एलएलबी बीए एलएलबी, बी.एड, बीटीसी एवं बीए के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एक्सपर्ट स्पीकर, ऑर्गेनाइजेशनल डेवलपमेंट और कोका कोला मून बेवरेज लिमिटिड के एचआर रहे अतुल कुमार ने छात्र-छात्राओं को गेस्ट लेक्चर में सपने देखने और उसे पूरा करने का जुनून बनाए रखने तथा रास्ते में आने वाली बाधाओं के बावजूद दृढ़ संकल्प बनाए रखकर आगे बढ़ाने लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक समय सीमा निर्धारित करने से प्रगति पर नजर रखने में मदद मिलती है जो आपको मनचाहे परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। इस मौके पर प्रियांशी, आदित्य, रितु, सानिया, फौजिया, आयशा खान, मनन, सावन कुमार, मोहम्मद ओवैस, आर्यन कुमार, आसिम सहित छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ शामिल रहा।




# जमीयत विद्यार्थियों को देगी 2 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मौलाना अरशद मदनी ने की छात्रवृत्ति की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा ए हिंद ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। जमीयत आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे छात्रों को करीब दो करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान करेगी जो इंजीनियरिंग, मेडिकल, जर्नलिज्म अथवा कोई भी तकनीकी एवं प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता हो और उसने पिछले वर्ष 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हो।

जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बताया कि जमीयत और एमएचए मदनी चौरिटेबल ट्रस्ट, देवबंद वर्ष 2012 से मेरिट के आधार पर चयनित निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में चयनित 915 छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई थी, जिनमें 46 हिंदू छात्र भी शामिल थे। यह इस बात का प्रमाण है कि जमीयत धर्म के आधार पर कोई कार्य नहीं करती है।

बताया कि छात्रवृत्ति फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। मौलाना मदनी ने इन छात्रवृत्तियों की घोषणा करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारी इस छोटी-सी को. शिश से अनेक ऐसे प्रतिभाशाली और मेहनती बच्चों का भविष्य किसी हद तक संवर सकता है, जिन्हें आर्थिक परेशानियों के कारण अपनी शिक्षा जारी रखने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मदनी ने कहा कि शिक्षा के बिना दुनिया में कोई भी कौम तरक्की नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ ही धार्मिक और नैतिक शिक्षा भी देनी चाहिए, ताकि वे आगे चलकर अपनी व्यावहारिक जिंदगी में केवल सफल इंसान ही नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान भी बन सकें।

अरशद मदनी ने ऐसे स्कूलों और कालेजों की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जो बच्चों को दीनी माहौल में उच्च आधुनिक शिक्षा प्राप्त कराकर प्रोफेसर, डाक्टर और इंजीनियर बना सकें।



# स्कूटी सवार दम्पति को रोडवेज बस ने मारी टक्कर

## पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के थाना शिवाला कलां क्षेत्र मे नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर गांव शिवाला कलां में एक रोडवेज बस ने एक स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बस चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

घटना के संबंध में इकरामुद्दीन पुत्र नूरुद्दीन मौहल्ला शिकारियों थाना नई बस्ती नौगावां सादात ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र इमरान अपनी पत्नी सानिया के साथ स्कूटी संख्या यूपी23ए-7598 से शिवाला कलां दवाई लेने जा रहा था। जैसे ही वह नूरपुर-अमरोहा मार्ग पर शिवाला कलां पहुंचे तो पीछे से एक रोडवेज बस संख्या 20 टी-7261 ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान उसकी पत्नी सानिया (23 वर्ष) सड़क पर गिर गई और चालक बस को भगा ले गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। सानिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर शिवाला कलां पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सानिया को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ शिवाला कलां लखपत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# संसद में मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में एक अत्यंत महत्वपूर्ण लेकिन लंबे समय से उपेक्षित विषय मासिक धर्म अवकाश को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, लेकिन इसके दौरान महिलाओं को तेज दर्द, कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं-मजदूर, किसान परिवारों की बेटियां, छात्राएं, दफ्तरों में काम करने वाली कर्मचारी और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं-बिना किसी विशेष सुविधा के काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने चिंता जताई कि आज भी देश में मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई स्पष्ट और समान राष्ट्रीय नीति मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ निजी संस्थानों और केवल दो-तीन राज्यों में ही इस दिशा में पहल की गई है, लेकिन यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना समय की मांग है। सांसद ने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर स्पष्ट नीति तैयार की जाए, जिसमें असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेज की छात्राओं के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए जाएं, ताकि उन्हें शारीरिक और मानसिक तनाव से राहत मिल सके। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इस विषय पर व्यापक सर्वे, चिकित्सीय अध्ययन और एक समग्र प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी आधुनिक लोकतंत्र में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता और मासिक धर्म अवकाश महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य और समान अधिकारों से जुड़ा हुआ विषय है। सांसद की इस मांग को संसद में गंभीरता से सुने जाने की जरूरत बताई जा रही है।



**सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सरकार से किया आग्रह**

## मासिक पंचायत में गरजे किसान

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक बंगला चांदपुर में संपन्न हुई। पंचायत में संचालन तहसील महासचिव राजीव कुमार ने किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह ने पंचायत में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को आज भी अपनी अनेक समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। गन्ना भुगतान, समय पर सिंचाई का न हो पाना आदि समस्याएं परेशानी का सबब बनी हुई है। किसान पंचायत में चांदपुर से बास्टा मार्ग अति शीघ्र बनवाया जाने, बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिल में सरचार्ज मे छूट दिए जाने, आवारा पशुओं से किसान की फसल बर्बाद होने से बचाने, सिंचाई विभाग द्वारा दिन में सप्लाई दिए जाने की मांग भी पुरजोर से उठाई गई। जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील उपाध्यक्ष रोहतास, प्रधान सुनील कुमार, अनिल सिद्धू, रियाजुद्दीन, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ, इकबाल अहमद, मनोज शर्मा, मैंराजू प्रधान, विजय प्रधान, छतर सिंह, संतराम सिंह, विपिन चौधरी व काफी किसान उपस्थित रहे।

## बसपा में सभी का विकास: हाजी इलियास

**स्योहारा।** मौहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी तथा मुरादाबाद लोकसभा के पूर्व प्रभारी हाजी मौहम्मद इलियास चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यदि किसी राजनीतिक दल ने सर्वसमाज को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देने का कार्य किया है, तो वह बहुजन समाज पार्टी है। उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में प्रदेश ने कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता और विकास के क्षेत्र में एक नई दिशा प्राप्त की। उनके शासनकाल में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों, दलित, पिछड़े अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग को बराबरी का सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि बहन कुमारी मायावती ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को मजबूत किया। खासकर कमजोर और वंचित वर्गों को आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिला, जो बसपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। बसपा ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया है और किसी भी वर्ग के साथ अन्याय या भेदभाव की नीति नहीं अपनाई। हाजी मौहम्मद इलियास ने कहा कि आज प्रदेश को फिर से ऐसी ही सरकार की आवश्यकता है, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चले और विकास को राजनीति का मुख्य आधार बनाए। बहुजन समाज पार्टी और बहन कुमारी मायावती जी ही प्रदेश को स्थिरता, सम्मान और समावेशी विकास की राह पर आगे ले जा सकती हैं।

## बीटीएफ की मासिक समीक्षा बैठक

**स्योहारा।** राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान एवं टीका उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को ब्लॉक स्योहारा सभागार में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बीटीएफ की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने की। बैठक में टीकाकरण से वंचित बच्चों को आच्छादित करने के लिए रणनीति तय की गई और सभी संबंधित विभागों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे स्कूल मदरसे ग्राम और ईंट-भट्टों को चिन्हित किया जाए। जहां बच्चों के टीकाकरण में आपत्ति की जाती है। संबंधित अभिभावकों शिक्षकों और मुदर्रिसों से संवाद कर टीकाकरण के लाभ समझाते हुए बच्चों को अभियान से जोड़ा जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि स्योहारा ब्लॉक का टीकाकरण कवरेज लगभग 92 प्रतिशत है। हालांकि फैजुलापुर रवाना शिकारपुर कृष्णा रामपुर, मंसूर सराय, हकीमपुर पित्तापुर और सहसपुर जैसे क्षेत्रों में कुछ अवरोधित परिवारों के कारण शत-प्रतिशत लक्ष्य अभी प्राप्त नहीं हो सका है। सहसपुर क्षेत्र में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता न होने के कारण एएनएम टीम के माध्यम से टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।

# आसपा का जनसंपर्क तेज



## गौसपुर व लालपुर का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गौसपुर एवं लालपुर का दौरा किया गया। इस दौरान गौसपुर में एक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जयपाल सिंह ने की तथा संचालन सचिन कुमार ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में नजीबाबाद से आजाद समाज पार्टी का विधायक बनाएंगे। वक्ताओं का कहना था कि जिस मजबूती और बेबाकी से चंद्रशेखर आजाद दलितों, मुसलमानों और पिछड़े वर्गों के मुद्दे उठा रहे हैं, वैसा आज तक किसी ने नहीं किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने मुख्य अतिथि नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के समक्ष ग्राम की विभिन्न समस्याएं भी रखीं। खुर्शीद मंसूरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों और मंचों तक पहुंचाया जाएगा तथा जनहित की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। दौरे के दौरान ग्रामीणों में आजाद समाज पार्टी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और 2027 में बदलाव का संकल्प दोहराया गया।

# आकार इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आकार इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद कक्षा 6 के छात्रों ने सामाजिक बुराइयों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें समय का सदुपयोग, अनुशासन और शिक्षा का महत्व प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। नाटक को दर्शकों से खूब तालियां मिलीं।

कक्षा 7 के बच्चों ने देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें 'वंदे मातरम्' और 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने राजस्थान और महाराष्ट्र की लोक संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य प्रस्तुत कर भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। नन्हे बच्चों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने बालगीतों पर नृत्य किया, जबकि कक्षा 3 व 4 के विद्यार्थियों ने कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। छोटे बच्चों की मासूम अदाओं ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभा को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की। तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह के बीच कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।




# सचिवों व पंचायत सहायक का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर विकास खण्ड सभागार धामपुर में संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया।

प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के कर एवं गैर-कर तरीके जैसे- जन सेवा केंद्र के माध्यम से सेवा प्रदान कर, पुस्तकालयों एवं वाचनालयों की स्थापना कर, आधार केंद्रों की स्थापना कर, ओपन जिम का निर्माण कर, ग्राम समाज की भूमि पर दुकान अथवा मॉल का निर्माण कर, चार्जिंग स्टेशन लगा कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है। प्रशिक्षक नरेंद्र के द्वारा बताया गया कि पंचायत कोई भी नया कर लगाने अथवा पुराने कर में बढ़ोतरी करने के लिए सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास करेगी।



# केएस कार्निवल-2025 का भव्य आयोजन

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी के प्रांगण में केएस कार्निवल 2025 का अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की भारी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि कोमल स्वरूप अग्रवाल, प्रबंधक कपिल अग्रवाल, अकादमिक डायरेक्टर नम्रता अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जो बच्चों की आशाओं और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक रहा।

इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर के. एस. कार्निवल 2025 का औपचारिक उद्घाटन किया। पूरे कार्यक्रम का सशक्त, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वास से भरपूर संचालन एंकर मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया, जिसने कार्यक्रम में निरंतर ऊर्जा और अनुशासन बनाए रखा। कार्निवल के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और समूह प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मंचीय कौशल को दर्शाया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही कार्निवल का मुख्य आकर्षण बच्चों के लिए आयोजित शैक्षिक, कौशलवर्धक एवं मनोरंजक खेलों की लंबी श्रृंखला रही, जिन्हें विशेष रूप से विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था।

# भारत पहली बार स्क्वॉश विश्व कप चैंपियन बना

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया।

भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुक. ाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुक. ाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी।

**● हांगकांग को 3-0 से हराकर, मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल**

निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम में जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह शामिल थे।

मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में मौजूद रहे। जोशना चिनप्पा ने कहा कि हमें भरोसा था हम कर सकते हैं मैच के बाद जोशना चिनप्पा ने कहा, ह्टूर्नामेंट से पहले हम सभी को भरोसा था कि हम यह कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन को भी खास बताया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार इतने बड़े और जोशीले दर्शकों के सामने खेला। 2028 ओलिंपिक से पहले बड़ी उपलब्धि




स्क्वॉश को 2028 लॉस एंजेलिस ओ. लिंपिक में पहली बार शामिल किया जा रहा है। ऐसे में यह जीत युवा खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह के साथ-साथ भारतीय स्क्वैश के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्क्वैश विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई



**● खिलाड़ियों की सफलता ने पूरे देश गौरान्वित किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की 'जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प' के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा कि यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।

## मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्डकप का टिकट दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया। इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा। वे करीब 3 बजे दिल्ली पहुंच सके। इसके बाद मेसी ने कहा कि हम यहां से ढेर सारा प्यार लेकर जा रहे हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## बांग्लादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार (नाबाद 70) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के गें. दबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31-1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली।

## बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी की घटना पर दुख व्यक्त किया

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बोंडी बीच पर हुए दुखद हमले पर दुख और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों, उनके परिवारों और यहूदी समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर जारी एक एक संयुक्त बयान में दोनों क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वे ष्कल शाम बोंडी बीच पर हुई दुखद घटनाओं से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद समय में उनकी संवेदनाएं 'पीड़ितों, उनके दोस्तों और परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। हमारी संवे. दनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ खड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम कप्तान पैट कमिंस ने भी इस घटना पर अपना दुख व्यक्त किया। कलमस ने एक इंस्टाग्राम पर लिखा कि कल रात बोंडी में हुई भयावह घटना से मैं पूरी तरह से टूट गया हूं।

## गंभीर शिकायत' से न्यू द. वेल्स खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, एनएसडब्ल्यू और एक टी-20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है। यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया

## इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटलकसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टोंग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है। टोंग का इस वर्ष जुलाई में द ओवल में भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद इंग्लैंड के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में पहला मैच होगा। 28 वर्षीय तेज गें. दबाज ने अब तक खेले गए छह टेस्ट में 31 विकेट लिए हैं, जिनमें से पांच विकेट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले है। इंग्लैंड फिलहाल एशेज सीरीज में 2-0 से पीछे है और वह बुधवार से एडिलेड में शुरू होने वाले मैच जीतकर सीरीज को जीवित रखने का लक्ष्य रखेगा।

## शेफीली विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

**विश्व कप फाइनल में 87 रन बनाए थे, मेंस में साउथ अफ्रीका के साइमन हार्मर को अवॉर्ड**



**दुबई, वार्ता।** भारत को पहला विमेंस वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को आईसीसी विम. ेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली थी। यह विम. ेंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भी भारतीय ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर रहा। बल्लेबाजी के साथ-साथ शेफाली ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर 52 रन से मैच जीतकर विम. ेंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में यह सम्मान साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को मिला। हार्मर ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 17 विकेट झटके थे। प्रतिका रावल की जगह टीम में आई थी शेफाली पहले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थी। उन्हें ओपनर प्रतिका रावल के बांग्लादेश के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया। 21 साल की शेफाली ने फाइनल में स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की अहम साझेदारी की और भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। शेफाली ने इस अवॉर्ड की रेस में थाईलैंड की थिपाचा पुटथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पीछे छोड़ा। अंत शानदार रहा- शेफाली अवॉर्ड मिलने के बाद शेफाली ने कहा कि उनका पहला वर्ल्ड कप अनुभव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन अंत उससे कहीं बेहतर रहा जिसकी उन्होंने कल्पना की थी।

## बीसीसीआई का सख्त फैसला: सिर्फ रोहित-कोहली ही नहीं, हर मौजूदा खिलाड़ी को खेलनी होगी विजय हजारे ट्रॉफी




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों के लिए घरेलू क्रिकेट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलना अनिवार्य होगा। यह टूर्नामेंट 24 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में खेले जाने वाले

**● बोर्ड ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य होगा**

आखिरी टी-20 मैच और 11 जनवरी 2026 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज के बीच करीब तीन हफ्ते का अंतर है। इसी अवधि का उपयोग करते हुए बीसीसीआई अपने सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से जोड़े रखना चाहता है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने यह निर्देश खिलाड़ियों तक पहुंचा दिया है। यह फैसला ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट सीरीज के खराब प्रदर्शन के बाद किए गए रिव्यू का हिस्सा है, जिसमें सभी फॉर्मेट्स में घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सिफारिश की गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही अपनी उपलब्धता की जानकारी दे चुके हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा गया है। केवल श्रेयस अय्यर फिटनेस कारणों से फिलहाल इससे बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में कुल छह राउंड होंगे और खिलाड़ी और राज्य संघ यह तय कर सकते हैं कि वो किन दो राउंड में खेलेंगे। हालांकि, यह भी साफ कर दिया गया है कि हजारे ट्रॉफी खेलना अब वैकल्पिक नहीं है। केवल वही खिलाड़ी छूट पा सकते हैं जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनफिट घोषित करे। इस बीच जसप्रीत बुमराह तीसरे टी-20 मैच से पहले निजी कारणों से घर वापस लौट गए हैं। सूत्रों के मुता. बिक, उनके एक बेहद करीबी पारिवारिक सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं। हालात सुधरने पर बुमराह चौथे या पांचवें टी-20 मैच के लिए टीम से जुड़ सकते हैं। आईसीसी की समयसीमा को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज की टीम का एलान एक ही दिन करेगा।

## सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा आज

**● हमेशा की तरह प्रसंशकों ने 1.60 करोड से अधिक वोट देकर विजेताओं का चयन किया है**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** द बेस्ट फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कतर की राजधानी दोहा में आयोजित एक विशेष समारोह में मंगलवार को होगी। कल होने वाले इस समारोह का सीधा प्रसारण फीफाडॉटकॉम पर स्थानीय समय के अनुसार 20 बजे किया जाएगा। अहमद बिन अली स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन और सीआर फ्लेमेंगो के बीच फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप कतर 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर, दोहा के फेयरमोंट कटारा हॉल में फीफा सेलिब्रेशन 2025 रात्रिभोज के दौरान इस वर्ष के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों के नामों की घोषणा की जायेगी। इस समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो, फीफा परिषद के सदस्यों सहित 800 मेहमान शामिल होंगे। इससे पहले, फीफा प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर डिजिटल वीडियो में सर्वश्रेष्ठ प्रशंसकों, गोलकीपरों और गोलों की घोषणा तथा फीफा फेयर प्ले अवॉर्ड के विजेता का भी ऐलान किया जाएगा। हमेशा की तरह प्रशंसकों ने एक करोड़ 60 लाख से अधिक वोट देकर विजेताओं का चयन किया है। इसके तहत सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलक. ीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर के पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावा अन्य पुरस्कारों के लिए भी प्रशंसकों ने मतदान कर अन्य सर्वश्रेष्ठ वर्गो का चयन किया है।

## दिव्यांग टी-20 सीरीज 16-18 दिसंबर तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी

**मुम्बई, वार्ता।** तीन मैचों की दिव्यांग टी-20 सीरीज 16 से 18 दिसंबर तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में खेली जायेगी। इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के महासचिव उन्मेश खानविल. कर ने कहा कि पहली बार दिव्यांग क्रिकेट सीरीज की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गर्व का पल है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट सच में सभी का है। हमारे अध्यक्ष अजिंक्य नाइक, दिव्यांग क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और हम अपना पूरा समर्थन देना जारी रखेंगे। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने इसको लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए सच में एक बहुत ही खास पल है।

## मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, लेकिन रन नहीं बन रहे है: सूर्या




**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी फॉर्म को लेकर कहा कि मैं नेट्स पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं।

जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को कल रात सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव कि खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। आप कैसे वापसी करते हैं, यह अधिक महत्वपूर्ण है। पिछली मैच में हमने काफी कुछ सीखा था, और आज हमने वही किया। ( खराब फार्म के बारे में) मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं। यह अलग बात है कि रन नहीं आ रहे हैं। हम जीत का आनंद लेंगे, कल लखनऊ पहुं. चने के बाद बैठेंगे और वहां से आगे की योजना बनाएंगे। प्लेयर ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने कहा कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप सही तरह से अपनी योजना को नहीं निभा पाते हैं, वह पिछले मैच में हुआ था।

आज मैं बेसिक्स पर टिका रहा और उसी से सफलता मिली। कुछ भी नहीं बदला, मैंने बस गेंद को सही एरिया में पिच किया और विकेट की मदद का इस्तेमाल किया। ठंड में सीम और स्विंग दोनों थी। (हेंड्रिक्स का रिव्यू) सूर्या भाई थोड़ा सस्पेंस चाहते थे, इसी लिए शायद उन्होंने रिव्यू लेने में मदद की। मुझे पता था कि पैड पर लगने के तुरंत बाद ही वह आउट था। मेरी भतीजी यहां है वह दस महीने की है, मैं यह पुरस्कार उसे समर्पित करना चाहता हूं।

### सूर्यकुमार और गिल हमें विश्व कप में मैच जिताएंगे: अभिषेक शर्मा

**धर्मशाला, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मानना है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और अपनी पारियों से आगे वर्ष फरवरी में होने वाले विश्वकप में भारत को जीत दिलायेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धर्मशाला में हुए तीसरे टी-20 एक बार फिर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) और उपकप्तान शुभमन गिल (28 गेंद में 28 रन) बल्ले के साथ असफल रहने को लेकर अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं एक बात सीधे कह सकता हूं कि ये दोनों भारत को विश्व कप में मैच जिताने जा रहे हैं। उससे पहले अगले आने वाले मैचों में भी ये ऐसा करते हुए दिखेंगे। मैं इन दोनों खासकर शुभमन के साथ लंबे समय से खेलते आ रहा हूं, तो मुझे पता है कि ये क्या कर सकते हैं। मुझे गिल पर शुरुआत से ही भरोसा है और मुझे उम्मीद है कि आप सब लोग जल्द ही उससे एक बड़ी पारी देखेंगे। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा ने अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत को बेहतरीन शुरुआत दी और सातवें ओवर तक उनके चार बल्लेबाज़ सिर्फ़ 30 के स्कोर पर पवेलियन में थे। दोनों ने आपस में मिलकर 2-2 विकेट बांटे और इसके बाद स्पिनरों और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों ने मोर्चा संभाल लिया। वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट झटके तो हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने भी अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 1-1 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 120 रन ही बना सकी। अभिषेक ने भी भारतीय तेज गेंदबाजो की तारीफ करते हुए कहा कि तेज गेंदबाजो ने शुरुआती परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया।

वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि मुझे तो सच में इस मील के पत्थर (टी-20 में 50 विकेट) के बारे में पता नहीं था, मुझे बताने के लिए धन्यवाद। शुरुआत में जब तेज गें. दबाज गेंद डाल रहे थे तो थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था, कुछ सीम मूवमेंट था। लेकिन कुल मिलाकर परिस्थितियां बहुत कठिन थीं। मैंने इतनी ठंड में कभी किसी मैदान पर नहीं खेला, इसलिए मुझे यह बेहद चुनौतीपूर्ण लगा।

हमारी एक प्रॉपर बोलिंग मीटिंग हुई और बहुत ही ईमानदारी से बातचीत हुई।

## बीबीएल में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन अफरीदी को गेंदबाजी से रोका गया

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** बिग बैश लीग (बीबीएल) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबा. जी से हटा दिया गया। यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं ' एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को' और इसके बाद उन्हें गें. दबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गें. दबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं। 18वें ओवर की खराब गें. दबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिए।

# रीति रिवाजों से 254 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में सोमवार को 254 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। विवाह स्थल पर सभी के रीति-रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का आयोजन महाराज सिंह डिग्री कॉलेज फील्ड, जनता रोड पर किया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में वित्तीय वर्ष 2025-26के नवनिर्गत शासनादेश के अनुसार ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से योजना का संचालन किया गया। इस अवसर पर 185 हिंदू तथा 70 मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 254 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। योजना के तहत प्रति जोड़े पर कुल 1 लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है, जिसमें से 60 हजार रुपये कन्या के खाते में अंतरित किए जाएंगे। वहीं विवाह सामग्री (कपड़े, पगड़ी, बिछिया, चांदी की पायल, बर्तन आदि) हेतु 25 हजार रुपये तथा कार्यक्रम आयोजन पर 15 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। कार्यक्रम में विधायक सहारनपुर नगर राजीव गुम्बर, महापौर नगर निगम डॉ. अजय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद योगेश पुण्डीर, ब्लॉक प्रमुख साढ़ौली कदीम विश्वास चौधरी, ब्लॉक प्रमुख गंगोह दिनेश चौधरी, महानगर मंत्री भाजपा डॉ. नीलू राणा, डीसीडीएम चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, जिला पंचायत सदस्य हंसराज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, उपनिद.ेशक समाज कल्याण अजयवीर यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री अर्चना, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य, पुलिस, दमकल विभाग एवं बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।




# खेल प्रतिभाएं निखारना मकसद: उमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बेहट विधायक उमर अली खान ने फीता काटकर किया।

सोमवार को बेहट कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर विधायक उमर अली खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को नशा व बुरी आदतों से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका है। कहा कि उनके द्वारा ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। समापन समारोह में विधायक उमर अली खान ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, खेल प्रशिक्षक के अलावा गजनफर खान, फरहान खान, हसीन शेख, फैजान फैज, जकरिया मलिक, आदि सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# आज से शुरू होगी राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की मेजबानी में आज से 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। आज संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा एस कुमार सुमन, जिला विद्यालय निरीक्षक डा.अरविंद कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी द्वारा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर पायी गयी खामियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये गय।

बता दे कि प्रतियोगिता में 19 राज्यों से लगभग 400 खिलाड़ी सहित, कोच एवं मैनेजर आदि लगभग 1000 प्रति. निधि प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतिनिधियों के आवास, यातायात एवं भोजन की व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। इस दौरान कुराश एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव विक्रांत कश्यप भी मौजूद रहे।

# वृद्धा को कार चालक ने मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बस से उतर कर सडक पार करने को खडी एक वृद्धा को अज्ञात कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना मे वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक गांव खटौली निवासी हसीना 75 पत्नी इकबाल सोमवार सुबह दवाई लेने के लिए नागल आयी थी। दवाई लेकर करीब एक बजे जब वह बस से वापस खटौली हाइवे पर उतरी तो सडक पार करने के लिए जैसे ही वह मुडी तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार टक्कर मारकर चली गयी। इस हादसे में हसीना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन व पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची । परिजनों ने बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए बगैर लिखकर देने से शव परिजनों को सौंप दिया।

# एकता क्लब ने रुड़की को 35 रन से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शानदार बॉलिंग की बदौलत एकता क्लब ने रूडकी टीम को 35 रन से पराजित किया।

जैन कॉलेज में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबला एकता क्लब अंबेहटा व रुड़की टीम के बीच खेला गया। जिसमें एकता क्लब के कप्तान जनक अंबेहटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 283 रन का लक्ष्य रखा। शानदार बल्लेबाजी करते पारस धीमान ने 42,कासिफ पठान 39, हर्षित मित्तल 36, अनुज रुहेला रामसहायवाला ने सर्वाधिक 77 रन जबकि उप कप्तान गोविंद ने तेज गति से बोलेरो पर प्रहार करते मात्र 11 गेंद पर दो गगनचुमि छक्के व पांच शानदार चौकों की बदौलत 34 रन का महत्वपूर्ण योगदान अपनी टीम को दिया। रुड़की की तरफ से बेहतरीन बोलिंग करते संजय बलाल खेड़ी व पंकज कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुड़की की टीम एकता क्लब तेज गेंदबाजों के सामने रनों के लिए जुझती नजर आई और 29.1 ओवर में ऑल आउट होकर मात्र 248 रन पर घुटने टेक गई। जिसके चलते एकता क्लब अंबेहटा ने यह मैच 35 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। रुड़की की तरफ से कप्तान सेठपाल ने सवधिक 52 प्रदीप वर्मा 21 विवेक ने 24 रन की पारी खेली। एकता क्लब की तरफ से धारदार गेंदबाजी करते आरव शर्मा बलाल खेडी ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर विपक्ष की कमर तोड़ दी बाकी सलमान खेडा व जनक ने दो-दो विकेट लिए जबकि अनुज रहेला व युसूफ पठान ने एक-एक विकेट लिया।

शानदार बल्लेबाजी व बॉलिंग करने वाले एकता क्लब के अनुज रुहेला को मैन ऑफ दा मैच दिया गया। रुड़की की तरफ से शिवकुमार ने बेहतरीन कीपिंग कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान जैन कॉलेज एकेडमी कोच अर्जुन सिंह ,मोहन सिंह ,संजीव शर्मा, शब्बर खान, शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।



# नशा कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना नकुड के ग्राम जाजवा के ग्रामीणों ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर नशे का कारोबार बंद कराकर उससे जुडे लोगों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

■ थाना नकुड के गांव जाजवा के ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र

प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने एसएसपी को बताया कि गांव के दो लोग बडे पैमाने पर गांव व आसपास के गांवों में अवैध स्मैक लाकर बेचने का काम करते है। जो कम उम्र के बच्चों का जीवन तबाह करने में जुटे है। यदि उन्हें कोई रोकता है तो वह फसाद पर आमादा हो जाते है। साथ ही अंजाम भुगतने और मुकदमें में फंसवाने की धमकी देते है। ग्रामीणों ने कहा कि यह लोग हरपाल गांव से सुल्फा व खजूरहेडी से स्मैक लाते है। यदि इन लोगों के नशे के कारोबार पर रोक न लगाई गई तो गांव ही नहीं बल्कि पूरे जिले का युवा वर्ग इससे प्रभावित होगा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई किये जाने की मांग की है, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस संबंध में कई बार पुलिस को शिकायती पत्र दे चुके है, लेकिन अभी तक भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई।

# रांघड़ों के पुल व बुडढीमाई चौक से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज निगम के अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कुतुबशेर चौक से लेकर रांघड़ों का पुल व टायर मार्किट होते हुए बूढ़ीमाई चौक तक अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 बडे़ टायर व दुकानों के आगे रखा लकड़ी का सजावटी सामान तथा बोर्ड आदि जब्त किये गए। चार कबाड़ियों सहित दो दर्जन दुकानदारों का चालान करते हुए 27 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम का अतिक्रमण रोधी दस्ता आज कुतुबशेर चौक से जैसे ही रांघड़ों के पुल की ओर बढ़ा अतिक्रमणकारियों में अफरा तफरी मच गयी। अनेक दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों के भीतर फेंक दिया। लेकिन अतिक्रमण हटाने से पहले निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों की वीडियोग्राफी करा ली गयी थी। ऐसे चार दुकानदारों से भी जुर्माना वसूला गया जिन्होंने निगम की टीम को देखकर सामान दुकान में भीतर डाल लिया था। कुल दो दर्जन दुकानदारों के चालान कर 27 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। सभी दुक.ानदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि वीडियो में सड़क पर दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही दो गुणा जुर्माना वसूला जायेगा।

रांघड़ों के पुल से बूढ़ीमाई चौक की ओर जाते हुए टायर मार्किट से भी सड़क पर रखे गये करीब 50 टायर जब्त कर निगम लाये गए। इसके अलावा सड़क पर फैलाकर रखा गया लकड़ी नक्काशी का सामान, सड़क पर रखे बोर्ड तथा एक रेहड़ी भी जब्त की गयी। सड़क पर कूड़ा फैलाकर गंदगी करने वाले चार कबाड़ियों पर भी एक-एक हजार रुपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्यार सिंह सहित अनेक जवान मौजूद रहे।



## दुकान के आगे न लगाए फड़ या रेहड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निगम के कर निर्धारण अधिकारी व अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने सभी दुक.ानदारों से मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि भगत सिंह मार्ग, नेहरु मार्किट, शही.दगंज, रायवाला आदि बाजारों में कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के आगे कोई फड़ या रेहड़ी नहीं लगवायेगा।

# करीब आधा दर्जन नलकूपों के ताला तोड़कर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।**आधा दर्जन नलकूप का ताला तोड़कर बिजली व कृषि संबंधी उपकरण चोरी कर लिए गए हैं।

किसान जित्ता सिंह, राकेश कुमार, चेतन सिंह, अमित सैनी, सन्नी चौधरी आदि के खेत में लगे नलकूप से बिजली के स्टार्टर व केबल आदि सामान चुरा लिया गया। नलकूप से सामान चोरी कर लिए जाने जाने के कारण ट्यूवेल ठप हो गई हैं जिससे खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों में गुस्सा हैं। किसानों का कहना है कि तहरीर देने के बावजूद चोरों के खिलाफ कार्रवाई कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे पहले भी नलकूप पर चोर की वारदातें हो चुकी है।

# चोरी का अनावरण

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से एक चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

कोतवाली इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी ने बताया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बेहट से उसण्ड रोड पर गैस की एजेंसी के पास से एक व्यक्ति को चोरी की बाइक सहितगिरफ्तार किया है पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति से जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम सो.हेल पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम रण्डौल थाना बेहट बताया पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल यूपी 11सी जे 9058 बरामद की है । गोर तलब है कि 23 अगस्त 2025 को बिजेंद्र कुमार पुत्र नत्थू सिंह की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल ग्राम रवासौली सड़क किनारे र से चोरी हो गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# ट्रायल्स में खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत आज को जिला व मण्डल स्तरीय चयन एवं ट्रायल का आयोजन किया गया।

डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आज क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा की देखरेख में सम्पन्न हुई। सीनियर महिला बॉक्सिंग (जिला स्तर) चयनित खिलाड़ी आस्था पाहवा, नन्दनी शर्मा, कन्नू देवी एवं हर्षिका राणा चयन हुआ। चयनित बॉक्सिंग खिलाड़ी कल (आज) 2 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित मण्डल स्तरीय चयनट्रायल में प्रतिभाग करेंगी। समन्वय सब जूनियर बालिका कुश्ती (मण्डल स्तर) चयनित खिलाड़ी आरोही तोमर, पूर्वी तोमर, आयशा, आरजू, मनस्वी, दिव्या पुण्डीर, प्रचीन, शगुन, रैना एवं श्रद्धा कपिल (सहारनपुर) का चयन हुआ है। चयनित कुश्ती खिलाड़ी 25 से 27 दिसम्बर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगी।चयन प्रक्रिया के दौरान बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन प्रवीन कुमार (सहायक प्रशिक्षक, बॉक्सिंग) द्वारा तथा कुश्ती खिलाड़ियों का चयन आदेश (कुश्ती प्रशिक्षक) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रताप सैनी, तबरेज अहमद, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, पुनीत कुमार आर्य, जयेन्द्र कुमार एवं श्रीमती प्रियंका चौहान आदि मौजूद रहे।



# आरटीओ आफिस में बनी अव्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आरटीओ कार्यालय इन दिनों आम जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। विभाग के भीतर चल रही अफसरों की आपसी खींचतान और आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा सीधे तौर पर जनता को भुगतना पड़ रहा है। रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए दूर-दराज से आने वाले लोग घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, लेकिन अधिकांश काउंटर बंद होने के कारण उनका काम आगे नहीं बढ़ पा रहा।

कार्यालय में मौजूद लोगों का कहना है कि कई खिड़कियों पर कर्मचारी ही नदारद रहते हैं। खासतौर पर संविदा पर तैनात बाबुओं की लगातार गैरहाजिरी के चलते फाइलों का निस्तारण प्रभावित हो रहा है। इससे न केवल कामकाज धीमा पड़ा है, बल्कि आरटीओ परिसर में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। भीड़ और अव्यवस्था के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और दूर से आए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो आरटीओ विभाग के भीतर वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वर्चस्व को लेकर खींचतान चल रही है। कोई अधिकारी खुद को मंत्री स्तर तक पहुंच रखने वाला बताता है, तो कोई उच्च अधिकारियों से नजदीकी के दावे करता नजर आता है। इसी अंदरूनी रस्साकशी का असर व्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। आम लोगों का आरोप है कि अधिकारी आपसी ताकत दिखाने में व्यस्त हैं, जबकि जनता की समस्याओं की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। विभाग पर यह आरोप भी लग रहे हैं कि कथित रूप से पैसों के लेन-देन और अंदरखाने चल रही बंदरबांट को लेकर तनाव बना हुआ है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हालात देखकर जनता में नारा.जगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई-कई दिनों से चक्कर काटने के बावजूद उनके लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और अन्य जरूरी काम अधर में लटके हुए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही आरटीओ कार्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया और जिम्मेदार अधिकारियों ने हालात नहीं संभाले, तो आक्रोशित जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर हो सकती है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के उच्च अधिकारी कब तक इस अव्यवस्था पर संज्ञान लेते हैं और आम आदमी को राहत कब मिलती है।




# खुदकुशी करने आई महिला की बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एसआई देवेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ कर्तव्य पालन और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए न केवल एक महिला के आत्महत्या के प्रयास को विफल करते हुए उसकी जान बचाई बल्कि उसके पति को बुलाकर उसके सुपुर्द भी किया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस ने पूरे परिवार को बिखरने से बचाया है।

जानकारी के अनुसार एसआई देवेंद्र सिंह एंटी रोमियो टीम की महिमा कॉन्स्टेबल कंचन व कॉन्स्टेबल गुंजन के साथ रेलवे स्टेशन पर राउंड लगा रहे थे। जब उन्होंने रेलवे ट्रैक के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा तो उन्हें संदेह हुआ। एसआई देवेंद्र सिंह ने सूझबूझ और फुर्ती के साथ महिला कोन्सटेबल्स की सहायत से उक्त महिला को वहाँ से सुरक्षित हटा लिया। सूत्रों के अनुसार महिला आत्महत्या करने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक के पास घूम रही थी। पूछताछ में लगभग 40 वर्षीय महिला ने अपना नाम सुनीता पत्नि प्रदीप कुमार उपाध्याय निवासी ग्राम उमरी खुर्द थाना रामपुर मनिहारान बताया। पुलिस टीम सुनीता को कोतवाली लेकर आयी। जहाँ बहुत हमदर्दी के साथ उसकी बात सुनी गई और काउंसलिंग की गई।

बाद में सुनीता के पति प्रदीप को कोतवाली बुलाया गया और सुनीता को उनके सुपुर्द किया गया।पुलिस टीम के इस कार्य की जमकर सराहना की जा रही है।

# कैम्प में मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम दूधगढ़ में चौधरी शहजाद प्रधान की बैठक पर शाविक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमे एक सौ बीस मरीजों की मुफ्त जांच कर दवाईयां भी वितरित की गई।

सोमवार को आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैंप में डॉ विक्रांत चौधरी ने मरीजों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की। वही डॉ विक्रांत ने सर्दी में हार्ट के मरीजों से बात करते हुए बताया कि हार्ट के मरीजों को सर्दी में अपने खान पान का ध्यान रखना चाहिए व वसा युक्त खाद्य पदार्थ लेने से बचना चाहिए।

उन्होंने बताया कि सर्दी में चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ लेने से ब्लड का स्टॉक जमने का खतरा रहता है। वही डॉ. एहतेशाम व डॉ इरम अंसारी ने खासी, बुखार, किडनी, लीवर आदि के मरीजों को देखकर उन्हें दवाइयां वितरित की। इस दौरान चौधरी शहजाद, अल्ताफ चौधरी, पंडित सतीश शर्मा, अथर चौधरी आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** युवा भाजपा नेता व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौतम चौधरी ने कहा कि सभी को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों का पालन करना चाहिए।

देवबंद रोड स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।व्यापार मंडल अध्यक्ष व युवा भाजपा नेता गौतम चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश को एक करने में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सरदार पटेल को ही भारत के भोगौलिक और राजनीतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है।सरदार पटेल ने अपनी शानदार नेतृत्व क्षमता व कूटनीति से उन्होंने आजादी के बाद सैंकड़ों रियासतों को भारतीय संघ में मिलवा कर अखंड भारत बनाया। गौतम चौधरी ने कहा कि हमें सरदार पटेल के आदर्शों का पालन करना चाहिए।और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

इस दौरान सुमित कुमार, रो. हताश, रवि कुमार, सचिन, संजय, मुबारक अली आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025**

## निंदनीय कृत्य

सोमवार जोकि संसद के शीतकालीन सत्र का 11वां दिन था, पूरी तरह बाधित रहा। बाधित भी इसलिए रहा, क्योंकि भाजपा का आरोप है कि रविवार को जो दिल्ली के रामल.ीला मैदान में कांग्रेस की रैली आयोजित की थी, उसमें भाग लेते हुए कुछ महिलाओं ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगाया था। कांग्रेस इससे इन्कार कर रही है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा के इन आरोपों पर कहा भी कि हमें नहीं मालूम यह सब किसने कहा। उनका कहना था कि रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। जाहिर है, भाजपा के पास भी इससे संबंधित कोई ठोस सबूत नहीं हैं, क्योंकि उसकी तरफ से भी अलग-अलग स्टेटमेंट सामने आ रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता ने एक इंटरव्यू में इस तरह की बात कही। वह इंटरव्यू किस नेता ने दिया, इस बात का भी कोई अता पता नहीं। हां सोशल मीडिया पर रैली के वीडियो कुछ वायरल हुए, जिसमें कांग्रेस की महिला नेताओं और समर्थकों ने मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाए। इसमें कांग्रेस नेता मंजू लता मीणा भी शामिल थीं, जो जयपुर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस तरह की बयानबाजी या नारे लगाना बेहद निंदनीय कृत्य है। यह हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। साथ ही हमारे विचारों को भी प्रभावित करता है और यह बताता है कि आज की राजनीति कितने घटिया स्तर तक पहुंच गई है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है कि अगर सच कहें, तो अब भारतीय राजनीति इस तरह की बातों से ही जानी जाती है। कारण साफ है, इससे बचने के कोई तौर-तरीके ढूंढे नहीं जा रहे हैं। बचने की बात दूर है, उलूल जुलूल बातें कर आज हमारे राजनेताओं ने सुर्खियों में रहने का एक आसान जरिया तलाश कर लिया है। यहां देखने वाली बात यह भी है कि इस तरह की भद्दी भाषाएं जिसके लिए बोली जाती हैं वह भी अपने तरीके से इसका राजनीतिक लाभ तलाशने की कोशिश करता है। इस संदर्भ में भी ऐसा ही दिखाई दे रहा है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि जो लोग मोदी जी की मौत की कामना कर रहे हैं, उनकी मुस्लिम लीग और माओवादी सोच सबके सामने आ गई है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की बातों का मुस्लिम लीग व माओवादी सोच से क्या मतलब। इस तरह की बातें कोई भी कहे, वह गलत ही कही जाएंगी और उसका समर्थन जरा भी कोई नहीं कर सकता। इतना ही नहीं सुधांशु त्रिवेदी पीएम मोदी के इस नारे को लेकर मुगलों तक पहुंच गए और कह डाला कि राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य शायद वैसा ही होने वाला है जैसा द लास्ट मुगल किताब में मुगल साम्राज्य के बारे में लिखा गया है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि बिना कारण के ही तमाशा खड़ा कर सत्ता पक्ष ही संसद को चलने नहीं दे रहा है।

### योगी स्वीकार कर रहे सच



उप्र के मुख्यमंत्री योगी स्वयं यह स्वीकार कर रहे हैं कि एसआईआर के दौरान जो लगभग चार करोड़ मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए, उनमें से 85 से 90 प्रतिशत भाजपा के मतदाता थे, इसके कई राजनीतिक और गणितीय निहितार्थ निकलते हैं, पहला निष्कर्ष यह है कि पीडीए प्रहरी की सतर्कता के चलते एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा अपनी मनमाफिक गड़बड़ी नहीं कर सकी, जिन मतदाताओं को साक्ष्यों के अभाव में सूची से बाहर किया गया, उनमें भारी बहुमत भाजपा समर्थकों का था, जिससे यह संकेत मिलता है कि अनियमितताओं की जड़ भी भाजपा के वोट बैंक में थी, यदि चार करोड़ मतदाताओं में से न्यूनतम 85 प्रतिशत भी भाजपा समर्थक मान लिए जाएं, तो लगभग तीन करोड़ 40 लाख मतदाता कम हो गए। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## नई खोज के लिए यादगार रहेगा 2025

हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।



### मगरमच्छ न्यूट

हाल ही में चीन में मगरमच्छ न्यूट की एक नई प्रजाति गाओवांगजी मगरमच्छ न्यूट खोजी गई है, जो अपनी काली त्वचा, नारंगी निशानों और खुरदरी बनावट के लिए जानी जाती है और यह केवल चीन के हुनान प्रांत के गाओवांगजी राष्ट्रीय प्रकृति अभ्यारण्य में पाई जाती है, जिसे डीएनए विश्लेषण के जरिए एक अलग प्रजाति के रूप में पहचाना गया है, जिससे पता चलता है कि जैव विविधता अभी भी खोजी जा रही है, लेकिन आवास विनाश से खतरा है। मध्यम आकार ढ्वलगभग 5 इंचत्रः, मोटी त्वचा, गांठदार शरीर। पूरी तरह काली त्वचा, उंगलियों और पैरों पर चमकीले नारंगी निशान। पेट गहरा भूरा और पूंछ के बीच में एक नारंगी पट्टी होती है। मगरमच्छ से मिलता-जुलता नाम, लेकिन यह वास्तव में एक न्यूट उभयचर है, मगरमच्छ सरीसृप नहीं। यह खोज दर्शाती है कि पृथ्वी पर अभी भी कई अनदेखी प्रजातियां मौजूद हैं। हालांकि, आवास विनाश और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण लाखों प्रजातियां खतरे में हैं। इसलिए इन खोजों का दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है ताकि उनकी रक्षा की जा सके।

### खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं-**

ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल

इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप

भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र

मेडागास्कर का पश्चिमी भाग

ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज

गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

### नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

### गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**

अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

### दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

### कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

### गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

### बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

### रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

### सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं। साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे।

## विजय दिवस: गर्व का उत्सव, जिम्मेदारी का संकल्प

**नौसेना की साहसिक कार्रवाईयों ने पाकिस्तान की समुद्री रीढ़ तोड़ दी, वहीं वायुसेना के सटीक हमलों ने दुश्मन के मनोबल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अंतत: 13 दिनों के भीतर वह क्षण आ गया, जब इतिहास ने करवट बदली। 16 दिसम्बर 1971 को ढ़ाका में पाकिस्तानी सेना ने बिना शर्त आत्मसमर्पण किया। लगभग 93,000 सैनिकों का एक साथ हथियार डालना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी सैन्य पराजयों में से एक था। यह केवल युद्ध की समाप्ति नहीं थी बल्कि अत्याचार, दमन और अन्याय के एक लंबे अध्याय का अंत था। उसी क्षण बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा।**



**श्वेता गोयल**

इतिहास में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर पर अंकित दिन नहीं होती, वे स्मृति, स्वाभिमान और चेतना में स्थाई रूप से दर्ज हो जाती हैं। 16 दिसंबर भारत के लिए ऐसी ही एक तिथि है। यह वह दिन है, जब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा था बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिक साहस और ऐतिहासिक न्याय की निर्णायक विजय के रूप में स्थापित हुआ था। 1971 का भारत-पाक युद्ध, जो मात्र 13 दिनों में समाप्त हो गया था, दक्षिण एशिया के राजनीतिक मानचित्र को पुनर्गठित करने वाला एक ऐसा घटनाक्रम था, जिसने न केवल एक नए राष्ट्र 'बांग्लादेश' को जन्म दिया बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी एक जिम्मेदार और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

1947 के विभाजन ने जिस पाकिस्तान को जन्म दिया, वह अपने भीतर ही असंतुलन और असमानता की नींव लेकर अस्तित्व में आया था। एक ही राष्ट्र के नाम पर बने दो हिस्से पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान भौगोलिक रूप से ही नहीं, भाषा, संस्कृति, आर्थिक प्राथमिकताओं और राजनीतिक अधिकारों के स्तर पर भी एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न थे। पूर्वी पाकिस्तान की जनसंख्या अधिक थी, संसाधन भी प्रचुर थे लेकिन सत्ता का केंद्र पश्चिमी पाकिस्तान में सिमटा हुआ था। वर्षों तक बंगाली अस्मिता को हाशिए पर रखा गया, भाषा आंदोलन को कुचला गया और आर्थिक दोहन को शासन की नीति बना लिया गया। यह असंतोष समय के साथ आक्रोश में बदला और अंतत: विद्रोह में परिवर्तित हो गया। 1970 के आम चुनाव इस टकराव का निर्णायक मोड़ साबित हुए। शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में अवामी लीग को स्पष्ट जनादेश मिला लेकिन सत्ता हस्तांतरण से इन्कार कर दिया गया। लोकतांत्रिक निर्णय को नकारने का यह कदम केवल राजनीतिक नहीं था बल्कि पूरे एक समाज की आकांक्षाओं पर प्रहार था। इसके बाद जो हुआ, वह इतिहास के सबसे भीषण अध्यायों में दर्ज है। मार्च 1971 में शुरू हुए सैन्य दमन ने पूर्वी पाकिस्तान को रक्त और आंसुओं से भर दिया। निर्दोष नागरिक, बुद्धिजीवी, छात्र और महिलाएं हिंसा का शिकार बने। लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और शरणार्थियों का सैलाब भारत की सीमाओं तक आ पहुंचा। यह संकट केवल सीमावर्ती नहीं था बल्कि मानवता की अंतरात्मा को झकझोरने वाला था। भारत के सामने उस समय एक कठिन विकल्प था कि या तो वह तटस्थ बना रहे और एक भयावह मानवीय त्रासदी को मूक दर्शक बनकर देखे या फिर हस्तक्षेप कर इतिहास की जिम्मेदारी उठाए। भारत ने दूसरा मार्ग चुना। यह निर्णय किसी भू-राजनीतिक विस्तार की लालसा से प्रेरित नहीं था बल्कि उन लाखों पीड़ितों की पुकार से उपजा था, जिनकी आवाज दुनिया के शक्ति केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रही थी। भारत ने न केवल शरणार्थियों को आश्रय दिया बल्कि बांग्लादेश की मुक्ति संग्राम को नैतिक, कूटनीतिक और अंतत: सैन्य समर्थन भी प्रदान किया। दिसंबर 1971 में जब पाकिस्तान ने भारतीय ठिकानों पर हवाई हमले किए, तब संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल गया। भारतीय नेतृत्व पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ा। सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का आत्मविश्वास केवल शब्दों में नहीं बल्कि रणनीति और अनुशासन में भी झलकता था। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच ऐसा तालमेल देखने को मिला, जो आधुनिक सैन्य इतिहास में मिसाल बन गया। पूर्वी मोर्चे पर भारतीय सैनिकों ने तेज, सटीक और निर्णायक अभियानों के जरिए पाकिस्तानी सेना को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। युद्ध के दौरान अनेक ऐसे क्षण आए, जिन्होंने भारतीय सैन्य परंपरा को गौरव से भर दिया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में लड़े गए संघर्षों ने यह सिद्ध कर दिया कि युद्ध केवल संख्या और हथियारों से नहीं जीते जाते बल्कि संकल्प और नेतृत्व से जीते जाते हैं। रेगिस्तान से लेकर समुद्र तक, आकाश से लेकर नदी घाटियों तक, भारतीय सेनाओं ने अपनी क्षमता का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हवा-हवाई हुए हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के सपने



**तनवीर जाफरी**

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसम्बर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसम्बर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं। जिससे देश भर में हजारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई, इंदौर, दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफरा-तफरी के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नजर आता है।



हवाई संचालन में आए इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी खराबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक महंगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ्लाइट का 1।02 लाख तक पहुंच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000 तक वसूल किए गए। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गई। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण खासकर इंडिगो की 60: मार्केट शेयर वाली फ्लाट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया, एयर इण्डिया एक्सप्रैस, इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थाई कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके।

अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफरातफरी के सन्दर्भ में जरा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिए जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव के गरीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज में बैठें। मैं यह सपना देखता हूं कि जिस गरीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज में सफर करे। क्या यह सपना देखना गुनाह है? मोदी ने यह भावनात्मक जुमले कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराए। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहां इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश, मोपाह एयरपोर्ट, गोवा गोवा का दूसरा एयरपोर्ट, देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश) आगत्ती (लक्षद्वीप), रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश), अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नए एयर पोर्ट विकसित किए गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नए टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है। अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से गरीबों को फायदा हुआ या विमानन कंपनियों को ? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की गरीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हजार रूपये की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं खरीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हजार की कैसे खरीद सकते हैं? यदि नहीं तो मोदी के उन जुमलों की क्या हकीकत जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले गरीब की हवाई यात्रा की जुमलेबाजी करते हैं? हां विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फायदे जरूर हुए हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66 प्रतिशत से अधिक बाजार पर कब्जा कर चुकी हैं।

इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया और लागत नियंत्रण जैसे ईंधन दक्षता से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रख-रखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। जिसका फायदा अडानी को पहुंच रहा है। इस बीच में हवाई चप्पलों वाला या 2 वक्त की रोटी भी न खाने पाने वाले किसी व्यक्ति की हवाई यात्रा की गुंजाईश ही कहां नजर आती है? इस तरह की जुमलेबाजियां आकर्षक, लोक लुभावन व भावनाओं को छूने वाली तो जरूर हो सकती हैं परन्तु इनका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं। सच्चाई तो यह है कि गत दिनों आए विमान संकट ने हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा जैसे जुमले ही हवा हवाई कर दिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया में बस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत, 20 घायल

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत एंटीओक्विया में रविवार को एक बस के खड्ड में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह बस कैरिबियन क्षेत्र के पर्यटक शहर टोलू से चली थी और भ्रमण पर गए बच्चों को लेकर लौट रही थी। एंटीओक्विया के गवर्नर आंद्रेस जूलियन रेंडन ने कहा कि यह दुर्घटना एंटीओक्विया के रेमेडियोस नगर पालिका में हुई।

### चीन की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ी

**नानचांग।** चीन की सबसे बड़ी ताज़े पानी की पोयांग झील 90 प्रतिशत तक सिकुड़ गई है। अधिकारियों ने बताया कि चीन के जियांग्शी प्रांत में शिग्जी हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन पर रविवार की सुबह झील का जल स्तर केवल 8 मीटर दर्ज किया गया। इस वर्ष, पोयांग झील का जल स्तर पहली बार 8 अगस्त को 12 मीटर की सूखा चेतावनी रेखा से नीचे चला गया, जो पिछले वर्षों के औसत समय से 87 दिन पहले था। इस वर्ष अब तक झील 217 दिनों तक सूखा चेतावनी रेखा से नीचे रही है, जिसका अर्थ है कि वर्ष का लगभग दो-तिहाई हिस्सा निम्न-जल स्थितियों में रहा।

### म्यांमार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में इस्तेमाल 237 इमारतों को गिराया

**यंगून।** म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद की सूचना टीम के नेता ज़ाव मिन टुन ने दूरसंचार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। टुन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अपराध सार्वजनिक विश्वास, आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय स्थिरता और देश की गरिमा को कमघेर करते हैं। उन्होंने कहा कि म्यांमार दूरसंच.ार धोखाधड़ी और ऑनलाइन जुए की गतिविधियों को स्वीकार नहीं करता है और इन्हें खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

# नेतन्याहू ने अल्बनीज को दी थी चेतावनी

## पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला करने की आशंका




■ इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को हमले लेकर किया गया था आगाह
■ आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे

**तेल अवीव।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर अब एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को इससे लेकर चेतावनी दी गई थी।

ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरा.ेधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरुआत अक्टूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया। हमास के खिलाफ इजरायल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था। ऑस्ट्रेलिया की कुल 2.70 करोड़ आबादी में करीब 1.50 लाख यहूदी समुदाय के लोग हैं। यह समुदाय संख्या में छोटा है, लेकिन समाज में गहराई से जुड़ा हुआ है। अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब एक तिहाई लोग सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रहते हैं, जिनमें बोंडाई क्षेत्र भी शामिल है। रविवार को हुए हमले के पास मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि यहूदी होना पिछले कुछ वर्षों में बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। शायद एक दिन उन्हें इजरायल जाना पड़े। इजरायल यहूदियों के लिए अब वही दुनिया में एकमात्र सुरक्षित जगह नजर आने लगी है।

### सिडनी गोलीकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई, मरने वालों में 12 साल का बच्चा भी शामिल

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का उत्सव के दौरान हुए भीषण गोलीकांड ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इस आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मृतकों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। रविवार शाम बॉन्डी बीच पर हनुक्का के पहले दिन के आयोजन के लिए सैकड़ों लोग जमा हुए थे। इसी दौरान हथियारबंद हमलावरों ने भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हमला खास तौर पर यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में 38 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क ने बताया कि रात भर में मृतकों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई। इस हमले की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि इसमें एक 12 साल के बच्चे की भी जान चली गई। स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क के अनुसार, तीन अन्य बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीमें घायलों को बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के घायल होने से यह हमला और भी ज्यादा अमानवीय और भयावह हो जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया का हीरो अहमद आतंकी साजिद से निहत्था भिड़ा



■ राइफल छीनी, भाई से कहा: कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि लोगों को बचाते हुए मरा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर जश्न मना रहे लोगों पर दो आतंकियों ने हमला किया। इस दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपटा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। लोग उन्हें 'ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो' कह रहे हैं।

अहमद जब आतंकी साजिद से मुठभेड़ करने जा रहे थे, तब उनके भाई ने उन्हें रोका था। तब अहमद ने कहा था कि अगर मुझे कुछ हुआ तो परिवार को बताना कि मैं लोगों की जान बचाते हुए गया। अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबा.री की आवाजें सुनाई दी। अहमद ने देखा की दो लोग भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहे हैं। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे थे। अहमद और जोजाय कारों के पीछे छिप गए। जोजाय डर से कांप रहे थे, अहमद ने उन्हें शांत करते हुए हमलावरों से निपटने की बात कही। जोजाय ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन अहमद ने उनकी बात नहीं सुनी। वे कारों के पीछे से हमलावरों की गतिविधियों पर नजर रखने लगे। अहमद निहत्थे थे, लेकिन अपनी जान की परवाह किए बिना मौका मिलते ही सीधे हमलावर की ओर दौड़े। उन्होंने पीछे से झपटा मारकर 50 साल के आतंकी साजिद अकरम की राइफल छीन ली और उसे धक्का मारकर दूर गिरा दिया। अहमद ने राइफल आतंकी पर तान दी, जिससे डरकर वो पीछे की ओर भागने लगा। उन्होंने आतंकी से गन छीनकर कई लोगों की जान बचाई।

# आतंकी हमला: ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने लिखा: यू बास्टर्ड्स

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 45 लोग घायल हैं। इस हमले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

अखबार ने आतंकी की तस्वीर के साथ फ्रंट पेज पर बड़ी और आक्रामक हेडलाइन दी है-यू बास्टर्ड्स। अखबार लिखता है कि आतंकवादियों ने कल सिडनी के बॉन्डी बीच पर लोगों का नरसंहार किया। यह सिडनी के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। आतंकियों के पाकिस्तानी मूल के होने का शक इस घटना में शामिल

**द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया, पुलिस को शक आतंकी पाकिस्तानी**

दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है। ये बाप-बेटे हैं। पुलिस को इनके पाकिस्तानी मूल के होने का शक है। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने खुलासा किया है कि साजिद अकरम 1998 में छात्र वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था। उसने वेरेना नामक ऑस्ट्रेलियाई महिला से शादी की और अपना वीजा पार्टनर वीजा में बदल लिया। तब से वह रेजिडेंट रिटर्न वीजा पर था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। बर्क ने यह नहीं बताया कि अकरम ऑस्ट्रेलिया में कहां से आकर बसा था। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि वह पाकिस्तान से आया था। अकरम के बेटे नवीद का जन्म 2001 में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। वह एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। नवीद अक्टूबर 2019 में ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) के जांच के घेरे में आया था। हालांकि, उस समय उनके खिलाफ हिंसा में शामिल होने या किसी भी प्रकार के खतरे का कोई संकेत नहीं मिला था। हमले को लेकर वेरेना ने मीडिया को बताया कि मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि उसने कोई आतंकी हमला किया है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा बहुत अच्छा है।

# पीएम मोदी 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे

## एयरपोर्ट पर पीएम जाफर ने स्वागत किया, किंग अब्दुल्लाह से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है।

वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। जॉर्डन के अम्मान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं।



■ यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है

भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26033 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत में साल 2023 में जी-20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का विकल्प बताया जा रहा है। बीआरआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी कॉरिडोर में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, जॉर्डन, इजराइल, ग्रीस, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और जर्मनी शामिल हैं।

# लथूरा बंधुओं का केस अब थाईलैंड के अफसरों के पास

## कानूनी मानवाधिकार के पहलुओं पर भी होगा विचार, कम है तुरंत भारत लौटने की संभावना

**बैंकॉक।** उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसम्बर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई थाईलैंड में होने जा रही है। इस नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला अब बैंकॉक की एक अदालत में सुना जा सकता है, जहां आगे की कार्रवाई पर फैसला होगा। बता दें कि आग की घटना के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत चले गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया। भारतीय



दूतावास के हस्तक्षेप के बाद 11 दिसम्बर को थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में लिया। मामले में अब बताया जा रहा है कि लूथरा बंधु वैध दस्तावेजों पर थाईलैंड पहुंचे थे, लेकिन बाद में भारत द्वारा पासपोर्ट रद्द किए जाने से वे वहां बिना वैध दस्तावेजों के रह गए। इस वजह से थाई अधिकारी इस मामले को मानवा.धिकार और कानून दोनों नजरिए से देख रहे हैं। भारतीय दूतावास के सूत्रों के मुताबिक, दोनों भाइयों से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज कानूनी प्रक्रिया के तहत थाईलैंड को सौंप दिए गए हैं। अब मामला बैंकॉक कोर्ट में जाएगा, हालांकि सुनवाई कब शुरू होगी, इसका समय अभी तय नहीं है। वहीं दूसरी ओर बीते दिनों भारत सरकार ने दोनों भाइयों के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं और थाईलैंड को एक डोजियर सौंपा है, जिसमें 25 लोगों की मौत में उनकी भूमिका का आरा.ेप लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, ये आरोप साधारण लापरवाही से आगे के हैं। भारत ने थाई सरकार से लूथरा बंधुओं को भारत भेजने (डिपोर्ट करने) की औपचारिक मांग भी की है। हालांकि थाई अधिकारी इस मामले के कानूनी पहलुओं की गहराई से जांच कर रहे हैं। हालांकि दूसरी ओर भारतीय दूतावास के सूत्रों का कहना है कि कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं के चलते लूथरा बंधुओं की तुरंत भारत वापसी संभव नहीं है। ऐसे में बैंकॉक की अदालत में सभी पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी, इसके बाद ही कोई अंतिम फैसला होगा।

### पाक नौसेना ने लंबी दूरी की मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना ने सोमवार को उत्तरी अरब सागर में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पाक सेना ने बयान जारी कर इसकी सूचना दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मीडिया विभाग ने बयान में कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के जहाज ने फायरपावर प्रदर्शन के दौरान हवाई गतिशील लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता और युद्ध की तैयारी की पुष्टि हुई। पाकिस्तानी बेड़े के कमांडर रियर एडमिरल अब्दुल मुनीब ने पाकिस्तान नौसेना की एक बेड़ा इकाई में सवार होकर समुद्र में लाइव फायरिग देखी।



**गुरुग्राम। सर्दी के मौसम में छाई धुंध के बीच साइकिल लेकर रेलवे ट्रैक पार करते लोग।**

### हॉलीवुड निर्देशक रॉब रेनर और पत्नी की हत्या, बेटा मुख्य संदिग्ध

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और अभिनेता रॉब रेनर और उनकी पत्नी, मिशेल सिगर रेनर, लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 'पीपल' पत्रिका ने कई सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। दमकलर्मियों ने रेनर के घर से दो व्यक्तियों के शव मिलने की सूचना दी। टीएमजेड पोर्टल के अनुसार कि दोनों पीड़ितों के शरीर पर छुरा घोपने के निशान मिले जो गहरे कटे हुए थे। पत्रिका के सूत्रों के अनुसार, इस हत्या के मामले में दंपति के बेटे निक रेनर मुख्य संदिग्ध हैं, जिसका नशीली दवाओं के दुरुपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है।






# चिली: जोस एंटोनियो कास्ट ने राष्ट्रपति चुनाव जीता

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जोस एंटोनियो कास्ट देश के नए राष्ट्रपति होंगे। वह अगले साल 26 मार्च को कार्यभार संभालेंगे। कास्ट दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। वह राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में विजई रहे। चिली की निर्वाचन सेवा के अनुसार, कास्ट ने दूसरे दौर में 99.33 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने पर 58.18 प्रतिशत मत हासिल किए, जबकि सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार जीननेट जारा को 41.82 प्रतिशत मत मिले।

कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली। अब काम पर लगने का समय है! उन्होंने पोस्ट के साथ जीत समारोह की एक तस्वीर भी साझा की। जीत का जश्न मनाने के लिए जमा हुई भीड़ को संबोधित करते हुए कास्ट ने कहा कि यह न तो कोई व्यक्तिगत



■ कास्ट ने अपनी जीत के बाद 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धन्यवाद, चिली

उपलब्धि है और न ही यह किसी पार्टी की उपलब्धि है। यहां चिली जीता है, इस आशा के साथ कि अब डर में नहीं जीना पड़ेगा। एक ऐसे चिली की आशा के साथ जो काम करता है। सुजारा ने कास्ट से अपनी हार स्वीकार करते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी। वर्तमान राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने भी उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी। सुजारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि लोकतंत्र ने जोर-शोर से अपनी बात कही है। मैंने अभी-अभी कास्ट से बात करके चिली की भलाई के लिए उन्हें सफलता की शुभकामना दी है। गौरतलब है कि 59 वर्षीय कास्ट 11 मार्च, 2026 को पदभार संभालेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने जन सुरक्षा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्च-सुरक्षा जेलों के निर्माण और आपराधिक समूहों के लिए सजा बढ़ाने की वकालत की। कास्ट ने बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने और सीमावर्ती क्षेत्रों पर नियंत्रण मजबूत करने की भी वकालत की। 16 नवम्बर को हुए पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिले थे, जिसके कारण सुजारा और कास्ट को दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी।

### हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने के दोषी पाए गए लाई

**हांगकांग।** हांगकांग में चीन विरोधी दंगों को उकसाने, बाहरी ताकतों के साथ मिलकर साजिश रचने और राजद्रोह से संबंधित सामग्री प्रकाशित करने के आरा.ेपों में जिमी लाई को सोमवार को दोषी पाया गया। हांगक.ांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के उच्च न्यायालय ने लाई और अब बंद हो चुके अखबार एप्पल डेली एवं तीन कंपनियों के खिलाफ यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सुनाया। प्रतिवादियों में लाई, एप्पल डेली लिमिटेड, एप्पल डेली प्रिंटिंग लिमिटेड और एप्पल डेली इंटरनेट लिमिटेड शामिल हैं। इन सभी पर राजद्रोह संबंधी सामग्री प्रकाशित करने और बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने के आरोप थे। लाई पर बाहरी ताकतों के साथ मिलीभगत की साजिश रचने का एक अलग आरोप भी था। यह मुकदमा आधिकारिक तौर पर 18 दिसम्बर, 2023 को शुरू हुआ और इसकी अध्यक्षता हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नियुक्त तीन न्यायाधीशों द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष ने 11 जून, 2024 को अंतिम तौर पर अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए और 25 जुलाई को अदालत ने फैसला सुनाया कि सभी आरोप सत्य पाए गए हैं। लाई की गवाही 20 नवम्बर, 2024 को शुरू हुई और मार्च 2025 में समाप्त हुई।